करे और राज्य सरकारों को ऐसे गाइडलाइन्स दे कि किसानों को बिजली ठीक भाव पर मिले और पूरे देश में किसानों को एक भाव पर बिजली मिले। अभी यह स्थिति है कि गुजरात में बिजली के भाव बढ़ा दिये गये हैं। गुजरात के अन्दर किसान कोआपरेटिव सोसायटीज के बड़े बड़े ह र्सपावर वाले बिजली के पंपों का उपयोग करते हैं, उनके बिजली के रेट बढ़ा दिये गये हैं। यही नहीं पिछले तीन सालों से कर्नाटक में, गुजरात में और अन्य राज्यों में अकाल पड़ा हुआ है। गांवों में किसानों के लिए पीने का पानी नहीं मिल रहा है। उनको 10-10 और 12-12 किलोमीटर की दूरी पर पीने का पानी प्राप्त करने के लिए जाना पड़ता है। शहरों में सिर्फ 20 मिनट के लिए पानी मिलता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार किसानों के लिए और उनके पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करे और उन्हें बिजली ठीक भाव पर मिले, इसके लिए राज्य सरकारों को आदेश दे। आप किसानों को ठीक भाव पर इलैक्ट्रिसिटी दीजिए। आप दूसरों के वेतन में तो 500 ० की वृद्धि कर देते हैं, लेकिन किसान को 3 रु० देने में आपको तकलीफ होती है। सरकारी कर्मचारियों को आपने साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये दे दिये और किसानों को आपको 50 करोड़ रुपये देने में तकलीफ हो रही है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों से यह अपील करना चाहता हूं कि किसानों की जो मांगें हैं उन पर विचार करें और उनको मानें और जो किसानों का उत्पादन खर्च आता है उसके हिसाब से किसानों को दाम दें, उनको सस्ते दाम पर बिजली दें, पानी दें।

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : महोदया, मैं इसका समर्थन करता हूं।

SHRI RAOOF VALIULLAH: This is a legitimate demand.

THE APPROPRIATION (NO. 3) Bjrti, 1987

THE MINISTER OF STATE IN THE ,' . DEPARTMENT OF EXPENDITURE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI B. K. GADHVI): Madam Deputy (man. 1 beg to move :-—

> "That the Bill to authorise payment and appropriation of certain sums from and out of the Consolidated Fund *of* India for the services of the financial year 1987-88, as passed by the I Sabha, be taken into consideration."

Madam, the Bill provides for withdrawal out of the Consolidated Fund of India of the amounts required to meet the' expenditure for the year 1987-88 cnai on the Fund as welj ae the Grants voted by the Lok Sabha. Gross disbursements of Rs. 233,763, crores are provided for in the Bill. After setting off recovej receipts taken in reduction of expenditure and transactions in the nature of accounting adjustments, the net provision agree' gate t) Rs. 62,943 crores. Of this, an amount of Rs. 23.677 crores is for Central, State and Union Territories I[1]' The provision for Defence expenditure is Rs. 12,512 croreSj for interest payments Rs, 10.650 crores' and major Rs. 4.780 crores most of which will go to the farmers. Other non-Plan gn loans to State and UT. Governments account for Rs. 1,788 crores and the balance Rs. 9,536 crores is for other expenditure including expenditure of Union Territories without Legislature, and Grai and Loans to foreign" governments. "

The amounts provided in the Bill i inclusive of the sums already authorised in the Appropriation (Vote on Account) Act, 1987.

The House has already had a general debate on the Budget. I would not, therefore, like *to* enumerate the details of the Budget, provisions but shall try *to* deal with the points that may be made by the hon. Members in the course of discussion.

Sir. 1 move ihc Bill.

The question was proposed.

SHRI RAMNARAYAN, GOSWAMI (West Bengal): Madam Deputy Chairman, before coming to the discussion on the Appropriation Bill I would like to draw the attention of the concerned Minister to the press, statement given by the West Bengal Finance Minister, Dr. Aslm Das-gupUt, which appeared in the 'Telegraph', a Calcutta-based daily, under the caption, 'West Bengal resents reduction of dues'. He has written a letter to the State Minister of Finance, Shri Gadhvi, arid in his letter he has expresse| resentment against the Centre's decision to adjust dues of the State Electricity Board payable to Coal India and National Thermal Power Corporation from Central Plan assistance to be released to the State from this month. Just se$_e$ the state of affairs that is still prevailing in our country. The Central assistance to the State is determined by Gadgil formula. Can you say that there is a provision to deduct from Central assistance the money payable by any State institutions to pay Central instituion ? So, I re-. quest you to reconside$_r$ the matter and do not deduct t'h$_e$ same fro$_m$ the Central assistance to be given to West Bengal.

Now I come to the Appropriation Bill. Madam, now we are in the concluding portion of the Budget Session, . but the matter of concern is that the Budget Session is steadily losing its meaning because it is often seen that the Government at the Centre is unable to produce a budget estimate which holds jood for a year. Madam, you know, last year we had three budget provisions, one in oach session and some more in between. So, I ask the Minister of State for Finance, Shri Gadhvi whether he can tell the House that this year's budget estimates will hold good for the whole financial year. I know you cannot guarantee the House that your budget estimate will hold good for the entire financial year.

Now again. Madam, we are discussing an Appropriaion Bill and not a 'misappropriation' Bill. The House feje no objection to authorise the Government t$_0$ appropriate the sum. within the budgetary ptovisions from the Consolidated Fund of India. But for whose sake? We want that the sum be Utilized for the betterment of our country for the betterment of our poor people. It is known to all that the economic policy, especially in our country which is called a developing country or underdeveloped country, should be aimed at checking inflation, should b$_e$ aimed at holding the pric$_e$ line, should be aimed at solving the unemployment problem, should be aimed at ending dependence on foreign aid, thereby promoting self-reliance at leas: in major economic fields, etc. But the economic policy enunciated by $_0^{ur}$ P'ime Minister aims at-^othing of this sort. No $_{(}$problem$_s$ will be solved by the policy which they are pursuing. At present the v\alue of the rupee has come down to about 14 pais'e in the face of skyrocketing price hike. We suggest and demand state trading in 14 essential commodities throughout the. country. In our opinion, this is the only way to solve the problem of price hike. I ask the Minister: do you Want to appropriate the sum in. this way? Then we have n$_0$ hesitation i$_n$ allowing you to appropriate the sum. But you don't want to 'do it an^ ^{vou} cann$_{ot}$ do it, because the class you represent—the monopoly big houses and the landlords, both feudal and capitalist—will throw you out of your portfolio.

Madam, the country at present is in the grip of natural calamity throughout its length and breadth. The drought situation has gone to such >$_a$ length that it is very difficult for th$_e$ State Governments to cope with it. What sort of help you are going to extend to the. States? It is shameful act on the part of the Central Government that despite having huge stocks at their disposal—so far I came to know that ,'abuot 24 million tonnes of foodgrain stocks are still with you—people in several States are dying of starvation. Reports are pouring in that in Orissa i$_n$ the districts of Kalahandi. Koraput, Phulbani and Balan-gir about 650 people have died of starvation. More or less similar is the situation in Muhbub Nagar in Andhra Pradesh, 'and States of Kerala, Karnataka, Maharashtra, Gujarat, Rajasthan, . Madhya Pradesh, southe$_{rn}$ Pan of Bihar, eastern ran of U.P. ar$_e$ still reeling under the grip of severe drought. Massive exodus of people is taking place. Not only that due t»

dearth of fodder our cattle wealth is getting ri need in number and in quality also. Vast tracts of land remain uncultivated. Standing crpps are getting damaged due ta apn-availability of water. The drinking water crisis is looming large before the people. It is seen from the Twentieth Report of the Committee on Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes that there are 2,30,784 problem villages identified so far. This is the situation of drinking water crisis in our country after 40 years of Independence, state Governments are crying for more funds, more Central assistance, to fight drought and floods. I have collected some figures. Gujarat State demanded Rs. 429 crores but the Central Government sanctioned only Rs. 66 crores. Tamil Nadu Government demanded Rs. 347 crores but the Government of India, sanctioned only Rs. 32 crores. Andhra Pradesh demanded Rs. 480 crores but the Government of India sanctioned only 48 crores. Rajaslhan Government demanded Rs. 580 crores but the Government of India sanctioned only Rs. 77 crores. West Bengal, to fight the floods, demanded Rs. 267 crores, but the Government of Indi'a sanctioned only Rs. 38 crores. Not only that. Not only is the Central assistance very meagre but most of the irrigation projects have not been completed. Not only that. There is a wide gap between the irrigation potential created and the utilization thereof.

Mad'am it is known to all that the Government of India, through various manipulations, have considerably widened their scope for resource mobilization. But what have the State Governments been left with? The major portion of the development works rests on the State Governments. Cost escalation has become the order of the day due to faulty economic policies of the Central Government, not of the State Governments. Not only that. Owing to steep rise in prices of essential commodities, the State Governments were forced to enhance the DA of S'ate Government employees to be on par with Central Government employees because, as you know, Madam, there is no separate market for the State Government employees. So why should the State Government suffer on your account and why should the State Government suffer on account of cost escalation and price hiking? So what we want to say is that without strengthening the States the Centre cannot be strong.

Madam, the States are deprived of their constitutional rights also. As you know, in the year 1983-84 the Fiaance Commission recommended Rs. 315 crores for ihe Government of West Bengal, but the Government of India have thrown away the recommendation of the Finance Commission. So, not only are the States deprived of funds, but even the Finance Commission has been made subservient to ihe ruling party's political pressures. This is not a healthy sign. We demand more power for the Finance Commission.

Madam, due to the economic policies of the Centre pursued since Independence, 50 per cent of the people are living below the poverty line. About 70 per cent axe still illiterate. Infant mortality rate, after 40 years of Independence, is 125 per thousand. Malaria, *kala azar,* Japanese encephalitis and diarrhoe'al diseases take toll of thousands and thousands of lives till today. So I demand that all the preventive and disease eradication programmes be made 100 per cent Centrally sponsored programmes.

Madam, you know, unequal terms of trade between agriculture and industry ruins the mass of the peasantry. The pric? of the agricultural inputs is much higher than the price of the agricultural produce. Peasants are denied on remunerative prices. for rheir produce. On the other h; there is a big gap between the support price and the issue price.

Defence is an area of vital importance. In this area we are very much dependent upon other countries. Depending upon others we cannot defend our country's sovereignty and independence. The Government of India should try its utmost to manufacture arms in the pub!jc sector by strengthening the public sector and opening newer avenues. But. Madam, as ill Kick would have it, our Ministers and officials are very much apt to buy foreign articles and foreign technology. Even keeping our own public sector units idle, orders

[Shri Ramnarayan Goswami]

are being placed with foreign companies, though, Madam, I do not know how much of orders has been placed with Italian firms. This is a policy which will do harm to our industrial growth.

Madam, this.year we have to pay about Rs. . 10,000 crores.on account of interest I on foreign loans. Similarly, there is a gap 1 of Rs. 8,735 crores in our import and export trades. Not only that, but in our country about 1,19,000 industrial units are lying sick. Despite this state of affairs and sad performance Gur young Prime Minister, dynamic Prime Minister exressed his pious wish that he win lead the country to' a prosperous 21st century. But people do not think on that line. They are thinking that if this Government is allowed to function uninterrupted, the Prime Minister will lead us, not into the 21st century, but into the grave yard and cremation ground. So, the people of our country should gird up thei, loins to pressure the Government to change this present economic policy.

Finally, I oppose the Appropriation Bill which has been introduced by our Finance Minister. With this. I conclude my ' speech.

* •'<'<"?1?ifj

श्री भिखुभाई मोतीराम पटेल (गुजरात) : माननीय उपसभापति जी, मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं और सब से पहले मैं और कुछ बात कहूं, उसके पहले मैं प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी और भारत सरकार का आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि उन्होंने सरदार सरोवर प्राजेक्ट और नर्मदा प्राजक्ट को मंजूरी दे दी है। उससे अब कुछ काम आगे चलेगा और कुछ सालों बाद इनका अच्छा फायदा हमको मिलेगा।

भारत सरकार के पास गुजरात के कई पेंडिंग प्रोबलम पड़े हुए हैं, कुछ प्राजेक्ट्स क्लियरेंस के लिए पड़े हैं। यदि उनको क्लियरेंस दी जाए, तो अच्छा है, नहीं तो प्राजेक्ट्स की कीमत बढ़ती जा रही है। दूसरे गुजरात में काफी गैस उपलब्ध हो रही है और होने वाली है। हमारे वहां जो पावर स्टेशन हैं, वह सब कोयले पर आधारित हैं। अगर गुजरात के पावर स्टेशन के लिए गैस दे दी जाए, तो उनको दूर से जो कोयला मंगवाना पड़ता है, उससे उनको कुछ राहत मिलेगी। गैस बेस्ड पावर स्टेशन बनने की वजह से स्टेट को कुछ फायदा भी हो। तो मैं भारत सरकार से विनती करता हूं कि गुजरात में जो गैस बेस्ड पावर स्टेशन बनने के लिए कहा है वह उसको समर्थन दे और मंजरी दे दे। अब मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कुछ टैक्स इवेजन के बारे में बात करना चाहता हूं। हमारे कई उद्योग गृह ऐसे हैं जो टैक्स की काफी चोरी करते हैं। अभी गोस्वामी जी ने कहा मोनोपली के बारे में कि जैसे हम लोग मोनोपली की वकालत करते हैं। हम लोग मोनोपली की वकालत नहीं करते हैं। हम तो कहते हैं कि मोनोपली करने वाले जो कुछ गड़बड़ी करते हैं उन सब को पकड़कर बंद करना है तो बंद कर दो और दंड देना है तो दड दो; जो करना है वह करो। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं कि एक इंडियन एक्सप्रैस कंपनी है जो अखबार चलाती है। उनके मालिक हैं रामनाथ गोयनका जी और उन्होंने कई सालों से एक पैसा भी इन्कम टैक्स नहीं दिया है। दिनांक 30 अप्रैल को मेरे प्रश्न सं० 1312 के जवाब में मझे बताया गया कि 1977 से लेकर 1986–87 तक हर साल गोयनका जी ने लास दिखाया है और 35–40 लाख का 10 साल में उन्होंने लास दिखाया है। वित्त मंत्री जी ने मुझे यह भी बताया कि 1972–73 में 3 लाख 61 हजार 187 रुपये उनको पैनल्टी की गई और 1973–74 में 2 लाख 81 हजार 861 उनको पैनल्टी गई है। वह पैनल्टी अभी वसूल नहीं की गई है, गवर्नमेंट को मिली नहीं है, ए मुझे उनके जवाब से लगता है। अ जो आदमी हर साल घाटा करता है 15 लाख 5 लाख 10 लाख 4 लाख तो उसका गुजारा कैसे चलता है ? यह घाटे का पैसा आया कहां से ?

इसके बारे में भी तो पता चलना चाहिए। अगर हर साल दिवाला पिटता रहा तो दूसरा पैसा कहां से आता है? सरकार यह भी तलाश करे कि उनके पास इस तरह का पैसा कैसे आता है और यह लास सही है या गलत है? दूसरा न्यूज प्रिंट पर लेवी, मेरे ख्याल से 1981 में पहली बार डाली गई एक्साइज ड्यूटी तो इंडियन एक्सप्रैस वाले कोर्ट में गए। कोर्ट ने उनको कहा कि 20 प्रतिशत तुमको भरना है और बाकी गारंटी दे दो। उन्होंने क्या किया कि 3 करोड़ 55 लाख रुपये न्यूज प्रिंट पर फ्री एक्साइज ड्यूटी का डैबिट कर दिया और गवर्नमेंट को नहीं दिया, पैसा जमा नहीं करवाया। लेकिन एकाउंट में डेबिट कर दिया। इससे क्या हुआ? इंडियन एक्सप्रैस का जो प्रोफिट है उसमें 3 करोड़ 55 लाख कम हो गया तथा कंपनी लास में चली गई। फायदा किसको हुआ? पता नहीं यह 3 करोड़ 55 लाख कहां गए? यह तो वित्त मंत्री जी यदि ढूंढ निकालें तो हमको पता चले। लेकिन ऐसे जो धोखेबाजी करते हैं उनके खिलाफ एक्शन नहीं लिया जाता है, यह बात मेरी समझ में नहीं आती है? दूसरा, 12 मार्च के सवाल के जवाब में मुझे बताया गया कि इनकी अभी जांच हो रही है। 1981-82 का मामला है और अभी तक जांच कर रहे हो। मैं एक हजार रुपये की बैंक इन्सटालमेंट नहीं देता तो मुझे नोटिस आ जाता है और इनके खिलाफ इतने साल तक कुछ नहीं किया जाता? मेरे ही दूसरे सवाल के जवाब में 9 मार्च 1981 को बताया गया कि इंडियन एक्सप्रैस की पेड अप कैपिटल 86 लाख 50 हजार है। उसमें चार डायरेक्टर्ज में से गोयनका साहब एक डायरेक्टर हैं और उनका शेयर सौ रुपये का दस शेयर हैं। हजार रुपये का उनका स्थायी शेयर हैं। दूसरे जो हैं सरोज गोयनका, मनोज कुमार संथालिया एक और हैं उनका एक भी शेयर नहीं है। जिनका एक भी शेयर नहीं है वे डायरेक्टर भी हैं और फायदा भी उठाते हैं और गोयनका जी एक हजार रुपये का शेयर ले 35-40 करोड़ 45 करोड़ का इंडियन एक्सप्रैस के उस पर कब्जा भी जमाये हैं और उनके जो कामदार हैं, कर्मचारी हैं इंडियन एक्सप्रैस के वह एक हजार क्या एक लाख भी शेयर लेंगे, तो क्या उनको कम्पनी देंगे? वह तो वही चलायेंगे एक हजार रुपये वाले और एक हजार रुपया इन्वेस्ट करके इतना पैसा अपने आप ले लेते हैं। यह कैसे चलता है, यह मुझे समझ में नहीं आता? यह हमारी सरकार भी क्या करती है, मेरी समझ में नहीं आता। आप ऐसे लोगों को क्यों चलाने देते हैं?

दूसरा, अगर अखबार में मुनाफा होता है तो दूसरी कम्पनी खोलकर लोस दिखाते हैं और फिर उस को मुज करते हैं। इससे मुनाफा निकल जाता है, लोस वाला आ जाता है। ऐसा-ऐसा करके उन्होंने आठ-दस करोड़ का इंकम टैक्स छुपाया, सरकार को दिया ही नहीं। उनके गलत एकाउण्ट चले जाते हैं। जहां तक वेस्टेज का प्रश्न है, मैं स्वयं अखबार वाला हूं, 35 साल से ज्यादा अखबार में काम किया है, उसमें वेस्टेज दो परसेंट और ज्यादा से ज्यादा 5 परसेंट होती है। अगर कभी खराब न्यूज प्रिंट मिला हो तो 2 से 5 परसेंट वेस्टेज है। लेकिन यह इंडियन एक्सप्रेस में 20 से 25 परसेंट वेस्टेज होती है। यह कैसे होती है, मेरी समझ में नहीं आता। अगर इसका पैसा पैसा गिनो तो करोड़ों रुपया हो जाता है। या तो इसकी कम्पनी वाले तलाश करें या फाइनेंस वाले तलाश करें कि इससे कितना लोस गवर्नमेंट को होता है। इनका 50 करोड़ से ज्यादा इम्पोर्ट में जाता है और 15-20 करोड़ इससे इन्कम टैक्स कम मिलता है गवर्नमेंट को। इसके बारे में गवर्नमेंट को तलाश करना चाहिये।

फिर मशीनरी इम्पोर्ट करते हैं। अभी वहां उन्होंने फोटो कंपोजिंग सिस्टम की मशीन इम्पोर्ट की 12,10,530 पौंड खर्च करके, विदेशी मुद्रा खर्च करके मशीनरी लाये विशाखापत्तनम के लिये कि विशाखा-पत्तनम में फोटो कंपोजिंग मशीन डालना है, हमको इम्पोर्ट लाइसेंस दिया जाए, तो उनको पौंड मिल गए, मशीनरी आ

[श्री विट्ठलभाई मोतीराम पटेल]

गयी, लेकिन विशाखापत्तनम में उनका अखबार ही नहीं है, न वहां प्रिंटिंग प्रेस है। कैसे उन्होंने एल०सी० खुलवाया, कैसे मशीनरी इम्पोर्ट की और फिर वह मशीनरी गयी कहां ? यह गवर्नमेंट को देखना है कि किस तरह से यह फ्रोड चलाते हैं। इन्होंने मलयालम अखबार के लिये फोटो कंपोजिंग मशीनरी इम्पोर्ट की, लेकिन मलयालम में उनका अखबार ही नहीं है। यह कैसे चलता है, जहां उनका अखबार नहीं है, उनके नाम से एल०सी० ओपन करके उनके नाम से आयात करते हैं ? अब या तो कहीं बेच देते हैं या फिर कहीं दूसरी जगह अपनी डाल देते हैं। यह सरकार को देखना चाहिये। यह गलत बात है। हमारे यहां जिस स्टेशन के लिये, जिस शहर के लिये मशीनरी मंगाते हैं, उसी में ही यूज कर सकते हैं, दूसरे में परमीशन के बिना यूज नहीं कर सकते। लेकिन यहां तो उनका अखबार ही नहीं है, वहां के लिये इम्पोर्ट किया है, वह भी चल जाता है। अभी तक कुछ इस संबंध में हुआ या नहीं, पता नहीं। यह तो गढ़वी साहब बतायेंगे तभी पता चलेगा।

ऐसी ही एक दूसरी कम्पनी है, जिसको कहते हैं बाम्बे डाइंग, उनका बलाड स्टेट में दफ्तर है, वह एक साथ 59 कम्पनी के लिये एक जगह आफिस चलाते हैं और सब बाम्बे डाइंग से कनेक्टेड हैं। अरे भाई, कम्पनियां खोलने की जरूरत ही क्यों पड़ती है ? एक कम्पनी इतनी कम्पनियों को चलाती हो, 50–60 पेटा कम्पनी करने की जरूरत ही क्या है ? यह इसलिये है कि पैसा इधर से उधर करने के लिये सरकार को देना न पड़े और कहीं न कहीं अपना पैसा बनाने के लिये। यह सब इसलिये करते हैं। ऐसी ही एक एजेंसी उनकी नेपाल में है, यहां से माल जाता है या पैसा जाता है और नेपाल से करन्सी बदलकर हांगकांग जाती है और नेपाल वाली कम्पनी हांगकांग में भी है। तो यह कई तरह से चलता है। लेकिन पता नहीं, यह क्यों ऐसा चलने देते ? इसमें तो काफी गड़बड़ चलती है। बे-बर्मा ट्रेडिंग कम्पनी एक है, वह भी सबसिडरी है और वह इंडोनेशिया में है यहां से अन्डर इनवायसिंग करके टैक्सटाइल वहां भेजा जाता है और वहां जो पैसा मिलता है उसे सिंगापुर भेजा जाता है। तो यह भी तलाश करना जरूरी है कि क्यों ऐसा हो रहा है।

बाम्बे डाइंग इंग्लैंड का जो प्रोटोस ग्रुप है उसके साथ हाइड्रोजन परोक्साइड का टैक्नालाजी बनाता है और यहां नेशनल परोक्साइड की सेल और मैन्युफैक्चर करता है। इसका प्राइस वहां से 400 से या 500 रुपये प्रति किलो पड़ता है, लेकिन यहां पर वह 2500 रुपया लेता है। पांच गुना पैसा लेने पर भी वे इनकम टैक्स नहीं देते हैं। तो ऐसा क्यों होता है, इसकी जांच होनी चाहिये। इस कम्पनी के चेयरमेन और डाइरेक्टरों के नाम बम्बई में अलग अलग चरिटबल ट्रस्टों के नाम पर हजारों एकड़ जमीन है। वह चरिटबुल ट्रस्ट की जमीन होती है और किसी परपज के लिये होती है, प्राइवेट को बेचने के लिये नहीं होती है, लेकिन वह भी लाखों रुपया कमाकर उनकी जमीनों को बेच देते हैं। तो ये सब बातें मेरे जैसे लेमेन की समझ में नहीं आती हैं कि इतना बड़ा फ्रोड होता है और सरकार कुछ भी नहीं करती है।

महोदया, इसी कम्पनी ने एक प्लांट खरीदा था हैटकोपिन कम्पनी आफ यू० एस०ए० से जो कि 1953–54 में ही बन्द हो गया था। वह प्लांट 15 मिलियन डालर खर्च करके इम्पोर्ट किया गया। इसके बारे में कम्पनी के चेयरमैन का बिजनेस वीक में यह विचार निकला था कि वह यह प्लांट चूंकि बन्द हो चुका था, इसलिये इससे कोई फायदा नहीं होगा। तो इतनी बड़ी रकम 150 लाख डालर खर्च करके उस प्लांट को क्यों इम्पोर्ट किया गया, यह सरकार को देखना चाहिये। जब नये प्लांट के लिये लाइसेंस मांगा था तो नये प्लांट के बदले में पुराना प्लांट जो 30–35 साल पुराना है, उसको इम्पोर्ट करने की इजाजत किस प्रकार से दी गई ? सरकार को इस मामले को भी देखना चाहिये।

महोदया, पिछली बार जब गढ़वी साहब यहां थे तो मैंने सरकार से कहा था

कि आपको जहां तक हो सके खर्चा कम करना चाहिये और आपने जवाब दिया था कि मैंने जो बातें उठाई हैं उनका जवाब संबद्ध मिनिस्टर देंगे । दिसम्बर में यहां बोलते हुये मैंने कहा था कि ओ०एन०जी०सी० का हैडक्वार्टर देहरादून में क्यों रखा गया है? मैंने उसके लिये फिगर्स भी दी थी। 6 हजार बार वे हवाई जहाज से आते जाते हैं जब कि उनके पास अपना हेलिकोप्टर है। तो इस प्रकार का खर्चा कम करना चाहिये। उनका हैडक्वार्टर तब्दील हो सके तो वैसा करना चाहिये, लेकिन इसका कोई जवाब मुझे नहीं मिला । इसी तरह से वैस्टर्न रेलवे के बारे में मैंने कहा था, लेकिन अभी तक मिनिस्टर साहब का जवाब नहीं मिल सका है । पता नहीं कब जवाब देंगे । आप हमें बताइये कि हमने जो सुझाव दिये थे उनके बारे में आप क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं ?

महोदया, आजकल देश में कुछ लोगों ने एक हवा चला दी है कम्यूनल फीलिंग भड़काने के लिये । उसमें एक तरफ हिन्दू रक्षा के नाम से जो बातें चल रही हैं वे इतनी खतरनाक है कि इसको अगर नहीं रोका गया तो आगे बड़ी मुश्किल हो जायेगी । ऐसी ही बातें मुस्लिम फंडामेंटलिस्ट्स की तरफ से हो रही है, वे इतने गैर भाषण करते हैं और हम देखते रहते हैं। तो इस तरह कैसे काम चलेगा ।

1-00 P.M. जैसे वे रेवोलूशन करने की बात करते हैं। जब वे रेवोलूशन करते हैं तो चाहे हिन्दू लीडर हो या मुस्लिम लीडर हो हमें उन्हें टालरेट नहीं करना चाहिये और आज ऐसा वक्त आ रहा है । अभी से अगर हम उनके साथ सख्ती से पेश नहीं आयेंगे, तो मेरे खयाल से परिस्थिति बहुत ज्यादा बिगड़ जायगी । हम तो बूटा सिंह जी से कहना चाहते हैं कि सरदार पटेल ने जो किया था वही आप भी करिये । उन्होंने आर०एस०एस० पर बेन लगाया था, उन्होंने मुस्लिम लीग पर बेन लगाया था । जो जो भी कम्युनल संस्थायें थी उन सभी पर सरदार पटेल ने बेन लगाया था । आपने भी अगर अभी से बेन नहीं लगाया तो वक्त हाथ से चला जायेगा । अगर परिस्थिति उनके हाथ में चली गयी तो आपके लिये कुछ करना मुश्किल हो जायेगा और कुछ करेंगे भी तो नुकसान ज्यादा होगा । आपको गोलियां चलानी पड़ेगी । उनको बन्द करके रखना पड़ेगा । आप चाहे हिन्दू हो या मुस्लिम हो उनकी धार्मिक संस्थाओं को जुलूस निकालने की इजाजत न दें । जब भी जुलूस निकालने की बात करें तो उनको रोकिये । हां, अगर वह यह आश्वासन दें कि हम पीसफुल निकालेंगे तो आप उन्हें इजाजत दे सकते हैं । अगर ऐसा नहीं होगा तो परिस्थिति खतरनाक होगी । जय हिन्द ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now Mr. Babul Reddy,

SHRI P. BABUL KEDDY (Andhra Pradesh); Madam (Deputy^Chairman, 1 thank you very much for the opportunity given to me to touch upon a few aspects of our administration. No doubt, consideration of the Appropriation Bill is a routine exercise year after year. So far as the Rajya Sabha is concerned, we hav$_e$ only to discuss and return it. But this gives an opportunity, a very valuable opportunity, to make some comments on the working of certain Departments and also on the priorities that we are observing.

Madam, I have gone through the Appropriation Bill. Of course, there is no choice for anybody here. Whatever is passed by the Lok Sabha, whatever is voted by the, Lok Sabha, is being incorporated in the Bill and that is the purpose of this Bill. But here I would like to point out at the very outset, that the allocation for agriculture is about Rs. 1000 crores including the allocation for research and development. Such a meagre provision is there in the Bill for agriculture which concerns about 70 per cent of the population of the country. Madam, it is very well know$_n$ that seventy per cent of the population of our country depends upon agriculture either directly or indirectly. Now we have to see that we are gloating that w« have already achieved the target and that we are a surplus country now. Here al?o I think the claim is dubious. What is the total production? It is about 150 million tonnes of foodgrains which we are. producing. ■ This amount of production is for a

[Shri P. Babul Reddy]

country with a population Of *00 million people. I just now took some pains to work out and this works out to a little less than half a kg., per person per day! And yet, Madam we call it a surplus! I may bring to the notice of the House through you the. fact that a country like :he Soviet Russia, which has just one-third of our population only, is producing twice as much foodgrains as we are producing and still they find that they are in- a deficit "and they are importing. It is well known that the^ ai-j importing foodgrains. How is it, Madam, that a country with just one-third of our population is producing twice as much foodgrains as we are producing and is findisg itself in a deficit and then it is importing foodgrains while a country like ours with a population of 800 million, teeming eight hundred million, has 3 meagre production of 150 million tonnes of food-grains . and yet says that it is a surplus country? So, this claim is, in my humble opinion dubious and soma real thinking is necessary in this respect. We are feeling we are surplus because our people are not able tc purchase more than half a kg., of foodgrains per day and they are hungry. Not that the hunger is satisfied, because the pocket is empty. That is how surplus is produced. What T am saying is that this Rs. 1000 crores in such a situation is a very meagre allocation. We very liberally allot moneys for 5-star hotels. Now, of course, we are not financing 5-star !hotel$_s$ from Government fun'ds. Still we are financing 3-star hotels. But the 3-star hotels are as much, sinners as 5-star hotels, in my humble opinion. They a'so charge Rs. 300 to Rs. 500 per day, whereas 5-star hotels charge Rs 1000- t$_0$ Rs$_f$ 1200 per day. Still w$_e$;irc giving money, crores of rupees, at a concessional rate. More concessio$_n$ is shown to them than we show to small farmer who wants about Rs. 4000 . — 5000 loun for a pump-set. So, Madam. here my submission is that so little is spared for agriculture.

Then, Madam, I am not against Defence, Really they are doing an excellent service i,, defending the borders of our country, *f*\ 1 during peac* time. too. No.' if abt 11 that. But my submission is that we are paying Rs. 700 crores as pension in the Defence budget. You will note from page 1 itself (hat the Defenpe pension budget is Rs. 703.85 crores. The total allotment for agriculture is Rs, 1000 crores—th$_e$ sector with 70 per cent population 'n this country. For Defence pensions we are paying Rs. 700 crores. 1 am only pointer o^{ut}—^{no}t that I am grudging this payment *to* those who retired from the Army; let nobody mistake it. But I am only seeing the priority. *

The next thing I want to touch upon is education. The total allocation for education is Rs 1220 crores. It is claimed that it. i$_s$ very liberal. No doubt, this is a big increase. But even after this increase what is the amount? It represents Rs. 15 per head compared to 800 million population. And this Huma$_n$ Resource Development—we have given it a very big name—has a$_n$ allocation of Rs. 200 crores and the entire Department is given about Rs. 1200—1400 crores. It is' a *b* fare. A very senior Minister, who earlier held the portfolios of Home, Foreign Affairs and Defence, was overnight transferred to this august portfolio and put in. charge with an allocation of Rs. 200 crores. Youth and cultural affairs also has an allocation. And then we have mentioned about the new educational policy. Still 40 years after .independence, two-thirds of the population Is illiterate. About 20 per cent of the so-called literartes only know how to sign; not more tha$_n$ that. One must b$_e$ abi$_s$ to sign before one geis *3* licence. For five days h$_e$ must have learnt to put his signatures. Such people are included in the category of literates. Still two-thirds of the population i$_s$ illiterate. The$_n$ there is what is called Operation Blackboard. What i$_s$ Operation Blackboard? I wish to point 0111 Government records that 40 per cent of the schools, in this country do not have black boards. You talk of 'Operation Blackboard'; you might have dtrived it from 'Operation Blue Star'; forty per cent of the schools in this country have no black boards. Thrity per cent—I am quoting from Government records—have no mat* even for the students*to sit upon. You mak$_0$ an allocation of Rs. 1200 crores and then go on saying that it is a great improvement

on the allocation made in 'he previous year. This also shows lack uf priority.

My next point is about the menace of. bla«k money. It js estimated that 58000 crores of rupees are in circulation as black money in our country. This is excluding lhe black money generated by smuggling which is the biggest source of black money. Some other big sources are also excluded. Why I am emphasising on that *is* because whatever good work is done, the economy of tin's country is destroyed by the operation of this black money. The senior brother of. this black money is illegal foreign deposits The former Finance Minister said that the International Monetary Fund has estimated that the illegal bank deposits by Indians in Swiss Banks are 1300 crores. This money is a part of that black money. Not only that, the wealth of tflis country is diverted to other country. It would not be available for our country, ft id available for some other country. It is also said that most of these 1300 crores belong to politicians. Of course, discussions are' going on regarding scandal after scandal, such as Fairfax, purchase of submarines and also purchase of Bofors gms We provide very liberally Rs. 13,500 crores for defence expenditure and we very IJhSraMy fciujrtchase Ifjrom (outside .India. Many friends might have noticed that in 1981. originally the Bofors deal had started from Rs 2000 crores. It was estimated at Rs. 2000 crores in 1981. It means that at that time the Government wanted to take more money as commission. Fortunately, it was reduced. Normally, there should have been escalation of prices from 1981 to 1986. But in this case the prices have gone down from Rs. 2000 crores to Rs. 1400 -crores. A serious probing is necessary in these deposits in Swiss banks in order to find out the exact amount and the persons who have evaded not only direct or indirect taxes, but also violated FERA regulations and committed serious economic crimes. Economic offenders must be dealt with as severely as j any other offender. That is my submission.

' My' next point is about wasteful Government and public expenditure. Everyday we find' that so much of money is wasted. I will give you one example. Indian Airlines has no com petitors. If I want to go from Delhi to Hyderabad or to Andamans, I can go only by the Indian Airlines. I can not go by any other Airlines. Crores of rupees are spent every year for printing and distribution of calendars. Now, what is the size of the calendars? Of Course, it is not a big as I am. It is half of my size. What is this advertisement for? There is a writ petition filed in the High Court. The Telegu Desam Government has issued an advertisement '••". a important date. ! I ut inserted a ttntee-ps nient in all the daily papers; Rs. "0 lakhs were spent. It was because the . bief Minister was going oh an *elc.* ,: aign for the mandal elections. Ihe next day a writ petition was filed in the High Court. In the three-page advertisement, half a page was earmarked for the Chief Minister's photograph. Out of Rs. 30 lakhs, Rs. 15 lakhs were spent on his photograph. The High Court issued a directive not to issue the full page advertisements hereafter till the writ petition was disposed of. It is a wasteful expenditure. There is no question of any control on how much you spend. When there is no competition at all, what is the purpose of advertisement? Advertisement is to solicit business. When there is a monopoly created in your favour, why do you 'pend even one pie for advertisement? So, these things have to be looked into. The latest statement pf the Prime Minister at Kottayam sayimg that there is a coup by the press to overthrow the established Government here or the talk of destabilisation, to say the least, we have to think very seriously about such statements because press is the four'h. estate in a democracy. If this parliamentary system has to sustain, democracy has to survive. Democracy cannot survive by demolishing one pillar out of the four pillars.

SHRf VlTHAf.aHAI MOTIRAM PATEL: The Prune Muusier said of seme -press and not a!!.

SHRI P. BABUL REDDY: Please do not suppress me. I am speaking of the press. So, jf one pillar is demolished, what remains ;s a limping democracy.

Then, Madam, this Appropriation Bill provides for expenditure on Rashtrapati Bhavan. Now we are saying that there is a big talk about Rashtrapati being only a cousin of the British King or the Queen. But here one important factor we are forgetting. Rashtrapati is not only the Head.. .*(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN; You need not speak about that.

SHRI P. BABUL REDDY; Why not? 1 am saying about expenditure.

THE DEPUTY CHAIRMAN; It will be removed from the record if it is not relevant...

SHRI P. BABUL REDDY; Rashtrapati js more representative than the Prime Minister. *(Interruptions)* Yes, Prime Minister is elected by one constituency and then elected by the Congress Parly MPs. Rashtrapati is elected by the MLAs and MPs of ail the Parties in the country. Such a person cannot be reduced... *(Interruptions)*. Kindly bear with me. He is the Head of the Nation, the Commander of the .Armed Forces.. .

SHRI VITHALBHAI MOT1RAM PATEL; Nothing should be allowed on President.

SHRI P. BABUL REDDY;... and a part of (he Parliament. *(Interruptions),* And such a person is sought to be reduced to a cipher.. So, this expenditure. . . *(Interruptions)*.

THE DEPUTY CHAIRMAN; You cannot speak about the President. You only talk about expenditure.

SHRI P. BABUL REDDY: So. this expenditure on Rashtrapati Bhavan is sought to be reduced into a mockery.

Thank.you.

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मैं अपनी बात मध्य प्रदेश तक ही सीमित रखूंगा । मध्य प्रदेश भारतवर्ष का सबसे बड़ा प्रांत क्षेत्रफल की दृष्टिकोण से है । सबसे बड़ा होने के साथ वह भारतवर्ष के सबसे पिछड़े, सबसे अविकसित प्रांतों में से भी है । विकास की जो इकाइयां हैं उनको यदि तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो मध्य प्रदेश शिक्षा, सिंचाई, विद्युतीकरण, प्रति व्यक्ति आय, शिशु मृत्यु दर, इन सब के आंकड़ यदि देखें तो यह बात निर्विवाद है कि यह प्रदेश भारत का सबसे बड़ा प्रदेश होने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में वन-संपदा, खनिज संपदा, जल संपदा, भूमि की उपलब्धि, यह सब होने के बावजूद अभी तक पिछड़ा और अविकसित प्रांत है । इसलिये मैं अपनी बात इस तर्क के साथ प्रारंभ करना चाहता हूं कि प्रदेशों को जो राशि फायनेंस कमीशन की अनुशंसा के आधार पर दी जाती है उसमें जो मापदंड निर्धारित है जैसे प्रदेश की जनसंख्या, प्रति व्यक्ति आय, इन मापदंडों में जो प्रमुख मापदंड होना चाहिये वह नहीं है । वह है संबंधित प्रदेश का क्षेत्रफल । जब तक संबंधित प्रदेश के क्षेत्रफल को भी आवंटन के प्रदेश के हिस्से की इकाई में शामिल नहीं किया जायेगा । तब तक मध्य प्रदेश जैसे बड़े प्रान्त पिछड़े ही रहेंगे, उनकी परिस्थितियों में सुधार नहीं हो सकेगा । मैं क्षेत्रफल की बात इसलिये भी कर रहा हूं क्योंकि जब राशि विभिन्न प्रांतों को आवंटित की जाती है तो क्षेत्रफल को उसका आधार न बनाने के कारण ऐसे प्रांतों को दोहरी मार पड़ती है । दो तरह से नुकसान होता है । एक तो उनको राशि कम मिलती है, दूसरा उन्हें अपने प्रदेश के विकास के लिये जो खर्च करना पड़ता है वह अपेक्षतया: बहुत ज्यादा होता है । उदाहरण के लिये यदि सड़क बनानी हो तो जो प्रांत समतल हैं, छोटे है वहां दो स्थानों को जोड़ने के लिये सड़क पर प्रति किलोमीटर जो व्यय होगा वह कम होगा । किन्तु बड़े प्रांतों में यदि दो स्थानों को जोड़ना है तो एक तो सड़क लम्बी बनेगी, व्यय ज्यादा होगा दूसरा ऐसे बड़े प्रांतों में चूंकि भौगोलिक परिस्थितियां ऐसी हैं कि पहाड़ हैं, नदी हैं, नाले हैं इसलिये भी वहां पर प्रति किलोमीटर विकास के किसी संसाधन को बनाने के लिये जो व्यय होगा वह अधिक होगा । इसलिये सबसे पहले में यह कहना चाहूंगा कि विभिन्न

प्रांतों को केन्द्र सरकार द्वारा जो राशि आवंटित की जाती है, उसके जो मापदंड निर्धारित किये गये हैं उनमें संबंधित प्रांत के क्षेत्रफल को अवश्य शामिल किया जाये तभी विभिन्न प्रांतों के साथ न्याय हो सकेगा । यह बात इसलिये भी और जरूरी है क्योंकि, ऐसे प्रांत जो पिछड़े हुये हैं वहां पहाड़ी इलाके अधिक हैं, आदिवासी जनसंख्या अधिक है या जिनमें भौगोलिक परिस्थितियां बड़ी विषम है, यदि उन्हें वास्तव में विकसित करना है तो क्षेत्रफल के आधार पर उनको राशि आवंटित करनी होगी ।

यह एक सामान्य बात कहने के बाद मैं मध्य प्रदेश के संदर्भ में यह कहना चाहूंगा कि हम केन्द्र शासन के अनुगृहीत हैं कि अभी हाल ही में दो बड़ी योजनाओं की स्वीकृति दी गयी है जो मध्य प्रदेश और गुजरात दोनों को लाभान्वित करेंगी । एक नर्मदा सागर परियोजना और दूसरी सरदार सरोवर परियोजना । इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहूंगा कि बड़ी योजनाएं सामान्यतया बड़े आदमी का फायदा करती हैं, छोटे आदमी का नुकसान करती हैं । मध्य प्रदेश के निवासियों का यह दुर्भाग्य रहा है कि जो भी बड़ी योजनाएं बनीं उन्होंने हमारे बहुत बड़े क्षेत्र को डुबोया उसका नुकसान किया; हमारी बहुत बड़ी आबादी को विस्थापित किया । पहले चम्बल की योजना बनी जिससे हमारा बहुत बड़ा इलाका डूब में आया, बहुत बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए । रिहन्द की योजना बनी उससे भी ऐसा ही हुआ । रिहन्द योजना बनने के 15–20 साल बाद जब मैं उस जिले में जिलाध्यक्ष होकर गया था तब भी बहुत गरीब आदिवासी मेरे पास आते थे छोटे छोटे कागज लेकर, जिनमें लिखा होता था कि उन्हें अमुक स्थान पर जमीन दी गयी है, अमुक मुआवजा दिया गया है, प्रतिकर दिया गया है लेकिन वह 20 साल बाद भी उनको नहीं दिया गया । इसलिए जहां एक ओर मैं उन बड़ी योजनाओं के लिए धन्यवाद दे रहा हूं, वहीं मैं यह भी अनुरोध करना चाहूंगा कि इन दोनों बड़ी योजनाओं से बहुत बड़ी संख्या में बहुत ही गरीब और आदिवासी लोग डूब में आ रहे हैं । हमारे पश्चिमी मध्य प्रदेश के लगभग दो ढाई लाख लोग इन दोनों योजनाओं की डूब में आएंगे और इन योजनाओं का उनको कोई लाभ तो मिलने वाला नहीं है बल्कि वे विस्थापित होंगे, इधर उधर भटकेंगे और यदि हमारा पुराना अनुभव सही है तो ये लोग या इनकी पूरी पीढ़ी 20–25–30 वर्ष तक भटकती रहेगी और उनकी कोई व्यवस्था नहीं हो पाएगी । इसलिए मैं यह अनुरोध करना चाहूंगा कि इन आदिवासियों के, इन डूब में आने वाले लोगों की पुनर्स्थापना पर, इनको अच्छे से किसी स्थान पर भूमि देकर बसाने पर अवश्य विचार किया जाए । इसके साथ ही यह भी जरूर कर दिया जाए कि डूब तब तक न होने दी जाए, जब तक इन लोगों के लिए उनके जीवनयापन की पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था न कर दी जाए । एक बार उन्हें पुनर्स्थापित कर दिया जाए, तभी इन नालों को, नदियों को, तभी नर्मदा नदी को मुक्त रूप से बांधा जाए, जिससे डूब में आने से पहले ही यह लोग दूसरे स्थान पर चले जाएं, बस जायें और अपना जीवनयापन करने लगें ।

एक तीसरी बड़ी योजना हमारे ही प्रदेश की स्वीकृति के लिए लम्बित है । उसकी स्वीकृति सम्भवतया इसलिए नहीं हुई क्योंकि उसकी स्वीकृति का संबंध केवल मध्य प्रदेश से है । इन दो बड़ी योजनाओं की स्वीकृति तो इसलिए हो गई क्योंकि हमारे साथ हमारे गुजरात के जो साथी हैं, वह बहुत जोर लगा रहे थे और दोनों का जोर लगने से स्वीकृति जल्दी मिल गई । तीसरी बड़ी योजना जो बोधघाट पर जो बस्तर जिले की है, उसकी स्वीकृति अभी भी लम्बित है । मैं यही कहना चाहूंगा कि जहां एक ओर उसकी स्वीकृति दे दी जाए, शीघ्र दे दी जाए, वहीं दूसरी ओर यह भी ध्यान रखा जाए कि वहां विशेष रूप से बस्तर में देश के सब से पिछड़े आदिवासी निवास करते हैं, जो न तो अपने विषय में कुछ समझ सकते हैं, जिन्हें न तो आधुनिक सभ्यता का कोई ज्ञान है और जो स्वतः अपना संरक्षण करने में पूर्णतया असमर्थ हैं ।

[श्री अजीत जोगी]

इसलिए बोधघाट योजना को स्वीकृति देते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखा जाए कि उस योजना के अन्तर्गत जो आदिवासी डूब में आने वाले हैं, उस योजना के अन्तर्गत जिन आदिवासियों के गांव और जमीन पूरी तरह डूब जायेंगी, उनकी पुनर्स्थापना पर, उनके पुनर्वास की पहले व्यवस्था कर दी जाए, तभी यह योजना भी स्वीकृत की जाए।

महोदया, मध्य प्रदेश जहां एक ओर भारत का सब से बड़ा प्रांत है, वहीं उसे यह विशेषता भी प्राप्त है कि मध्य प्रदेश में देश के सब से अधिक गिरिजन, आदिवासी निवास करते हैं, मध्य प्रदेश में नवा पांच या साढ़े पांच करोड़ की जनसंख्या में से डेढ़ करोड़ लोग आदिवासी हैं और इन आदिवासियों की अपने आप में विशिष्ट समस्याएं हैं, उनको हल करने का विशिष्ट तरीका है। जहां दूसरों के विकास की हम बात करते हैं, वहां केवल विकास करना ही आवश्यक होता है, किंतु जब हम आदिवासियों के विकास की बात करते हैं, तो सब से पहले आदिवासियों को शोषण से मुक्ति दिलाने की बात की जाती है और उसके बाद उसके विकास की चर्चा की जाती है, अर्थात् जब आदिवासी के उत्थान की बात होती है, उसकी प्रगति की बात होती है, तो उसमें दो प्रक्रियायें एक साथ चलती हैं। पहले यह ध्यान रखना होता है कि कहीं विकास की चपेट में वह शोषण का शिकार न हो जाए और उसके बाद ही उसको मुख्य धारा से जोड़ने की बात की जा सकती है। इसलिए क्योंकि मध्य प्रदेश में डेढ़ करोड़ आदिवासी निवास करते हैं, जो देश की सब से बड़ी आदिवासियों की संख्या है, मैं यह कहना चाहूंगा कि इनके विकास के लिए अलग पद्धति, अलग प्रक्रिया बनाई जानी चाहिए जिससे उनकी संस्कृति बनी रहे, इनकी संस्कृति के मुख्य मुद्दे बरकरार रहें, अपने आप में संस्थापित रहें तथा वहीं दूसरी ओर यह मुख्य धारा से जुड़ भी सकें।

इनके विकास के आंकड़े पर यदि नजर डाली जाए, तो वह बड़े ही चौंकाने वाले हैं। हमारे प्रदेश में आदिवासियों से संबंधित 11 विकास खंड तो ऐसे हैं जहां पर शिक्षा का प्रतिशत 5 से भी कम है। 90 विकास खंड ऐसे हैं जहां महिला शिक्षा का प्रतिशत 5 से कम है। अर्थात् पूरे के पूरे इन विकास खंडों में 100 में से 95 व्यक्ति ऐसे हैं...

THE DEPUTY CHAIRMAN. Mr. Josi, how much more time you will require?

SHRI AJIT P- K. JOGI: I will not take more than five minutes.

* THE DEPUTY CHAIRMAN: You can continue after lunch. Now, the House is adjourned ?forlunch and we will meet again at 2.30 P.M.

The House then adjourne^ for lunch at thirty-one minute* past one °f the clock.

—

The House reassemble^ after lunch at thirty-two minutes past two of the! clock, The Vice-Chairman (Shri G> ~~Struum~~than), in the Chair.

श्री अजीत जोगी : मान्यवर मैं मध्य प्रदेश के संदर्भ में आदिवासियों के विषय में और उनके विकास की विशेष आवश्यकताओं के विषय में कुछ बोल रहा था। जैसा मैंने कहा, जब हम आदिवासियों के के विकास की बात करते हैं तो वह विकास सामान्य आदमियों के विकास सरीखा नहीं होता, बड़ा अंतर है दोनों के विकास में। जब आदिवासी-विकास की बात की जाती है तो उसकी अज्ञानता, उसकी स्थिति, पिछड़ेपन की स्थिति को भी ध्यान में रखना होता है। इसीलिए जब विकास होता है तो विकास की आड़ में उसका शोषण भी प्रारंभ हो जाता है। इसलिए जब उसके विकास की प्रक्रिया की जारी की जाती है तो यह ध्यान में रखना होता है कि विकास के साथ ही साथ शोषण के तत्व उन क्षेत्रों में न पहुंच जाय और उनका शोषण न करने लगे और यह भी ध्यान में रखना होता है कि उसका विकास करते हुए कहीं उनकी संस्कृति, जो

इस राष्ट्र और उनकी बहुत बड़ी धरोहर है, वह नष्ट न हो जाय।

इसलिए मध्य प्रदेश, जहां देश के सबसे अधिक आदिवासी, लगभग डेढ़ करोड़ आदिवासी निवास करते हैं, उसके विकास के संदर्भ में सबसे पहले आदिवासियों को शिक्षित करने की आवश्यकता है। शिक्षा के माध्यम से ही वे शोषण से मुक्ति पा सकते है, वे अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। पिछले चालीस वर्षों के आजादी के इतिहास में शिक्षा के क्षेत्र में हम दुर्भाग्यवश बहुत अधिक आदिवासियों के लिए नहीं कर पाए हैं। उनकी साक्षरता 5 से 6 प्रतिशत पर ही आकर रुक गयी है और 100 में से 94–95 व्यक्ति आदिवासियों के बीच में अभी भी अशिक्षित है। यही कारण है है कि वे पिछड़े हुए हैं, उनका शोषण बदस्तुर पहले जैसा ही है।

मैं शिक्षा के संदर्भ में यह कहना चाहुंगा कि हमने नई शिक्षा नीति को अपना लिया है और इस शिक्षा नीति के अंतर्गत यदि हम वास्तव में आदिवासियों को लाभ देना चाहते है तो मेरा अनुरोध है कि आदिवासी क्षेत्रों में आश्रमों और होस्टलों के माध्यम से उन्हें शिक्षा देने का प्रयास किया जाय। औपचारिक शालाओं के माध्यम से शिक्षा देने के जो प्रयास किए जाते हैं वे सफल नहीं होते क्योंकि आदिवासियों की आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं है कि वे अपने घरों से प्रतिदिन शालाओं में जाकर शिक्षा प्राप्त कर सकें। जब तक उन्हें छात्रावासों में नहीं रखा जाएगा जब तक उनके भोजन और रहन-सहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जाएगी, शिक्षा उन तक नहीं पहुंच पाएगी और आज सौ में से 90 से अधिक लोग इन 40 वर्षों में अशिक्षित हैं वैसे ही वे अशिक्षित बने रहेंगे और इस गति से उन्हें शिक्षित करने के लिए हमें 7–8 सौ साल लग जाएंगे और इतनी देर तक हम रूक नहीं सकते। इस गति को हमें आगे बढ़ाना होगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि जहां तक मध्य प्रदेश में शिक्षा का संबंध है, आदिवासी क्षेत्रों में जहां पर भी आप शिक्षा देना चाहते हैं वहां आश्रम और छात्रावासों या होस्टलों के माध्यम से शिक्षा का प्रबंध किया जाए।

आदिवासियों के स्वास्थ्य के बारे में मेरा निवेदन है कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएं भी बहुत अधिक हैं और यह कहते हुए दुख होता है कि आज भी आदिवासियों को केवल साधारण चोट लगने पर टेटनस या गैंगरीन के द्वारा मृत्यु हो जाती है आज भी आदिवासियों की बहुत बड़ी संख्या मलेरिया जैसे साधारण रोग से हर वर्ष मरती है। आज भी आदिवासी इलाकों में केवल आयोडा इज्ड साल्ट न मिलने के कारण अधिक लोगों को गायटर है, उनके गले फूले हुए हैं यह स्थिति सुखदायक नहीं है। इस ओर अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं कम से कम इन क्षेत्रों में उपलब्ध कराने के लिए जो आपकी अबतक की गति है उसे बढ़ाने की आवश्यकता है।

श्रीमन, पेय जल की भी आदिवासी इलाकों में विशेषकर मध्य प्रदेश के आदिवासी इलाकों में बहुत ही खराब और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। आज भी आदिवासी नालों, पोखरों और नदियों से गंदा जल पीते हैं। ऐसा पानी यदि मैदानों के लोग एक दिन भी पीवें तो वे स्वस्थ नहीं रह सकते। इसलिए इन क्षेत्रों में पेय जल की व्यवस्था के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता है। हमें यह प्रसन्नता है कि जो टेक्नालाजी मिशन प्रधान मंत्री जी ने बनाये है उसमें पेय जल भी एक प्वाइंट है और उसमें एक जिला प्रयोग के रूप में मध्य प्रदेश का आदिवासी जिला झाबुआ है। है। मैं चाहुंगा कि इस टेक्नालाजी मिशन की प्रगति भी बहुत धीमी रही है। अभी तक तो झाबुआ में जिले में ही इसका प्रभाव नहीं दिखाई देता है, इसलिए मध्य प्रदेश के शेष 44 जिलों में यह कब अवतरित होगा, कब इसका प्रभाव दिखाई देगा यह भी संदेहास्पद है। मेरा अनुरोध

[श्री अजीत जोगी]

है कि टेक्नॉलाजी मिशन के कार्य को आदिवासी क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ पेय जल उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता दी जाए। यह हमारे लिए बहुत ही निराशाजनक और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि हमें अच्छा स्वस्थ और स्वच्छ पेय जल सरकार अभी तक उपलब्ध नहीं करा पायी है।

महोदय, आदिवासियों की जीविका वनों को आड़ में चलती है। वनों की कटाई बेतहाशा गति से हो रही है। इस पर भी रोक लगनी चाहिए और नए क्षेत्रों में वन लगने चाहिए क्योंकि आदिवासियों का जीवन वृक्षों के चारों ओर निर्धारित और निर्भर रहता है।

महोदय, एक बहुत ही महत्वाकांक्षी और अच्छी योजना सम्माननीय प्रधान मंत्री जी की है। जब वे बस्तर जिले के भ्रमण पर गए थे तब बस्तर जिले के मास्टर प्लान के नाम से इसकी घोषणा हुई थी। यह कहा गया था कि बस्तर जिले के और बस्तर जिले के आदिवासियों के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। इस घोषणा के बाद लगभग दो वर्ष का समय व्यतीत हो गया है किन्तु यह योजना अज्ञात कारणों से अभी तक चालू नहीं हुई है। इसे शीघ्र चालू किया जाना आवश्यक है।

इसके पहले मैं सिंचाई के सम्बन्ध में बात कर रहा था। मैंने इस बात का उल्लेख किया था कि बड़ी योजनाएं हमेशा आदिवासियों का नुकसान करती हैं। इससे उनकी हानि होती है जो बड़ी योजनाएं बनती हैं वे पहाड़ों के ऊपर या जंगलों के ऊपर लागू नहीं होती या इनको उस योजना से लाभ नहीं होता। इससे मैदानी लोगों को ही लाभ होता है। इसी को ध्यान में रख कर केन्द्रीय शासन ने निर्देश दिया था कि ऐसे क्षेत्रों के विकास के लिए छोटी योजनाओं पर अधिक ध्यान दिया जाये। बहुत सी मध्यम और लघु और माइक्रोसाइनर सिंचाई की योजनाएं इन क्षेत्रों के विकास के लिए स्वीकृत की गई। उनका क्रियान्वयन प्रारम्भ हुआ किन्तु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि अपूर्ण कार्यों की संख्या बहुत ही अधिक है अभी अनुमान लगाया गया कि मध्य प्रदेश के आदिवासी इलाकों में जो छोटी योजनाएं अपूर्ण पड़ी हुई हैं उन्हें पूरा किया जाये तो कितनी राशि की आवश्यकता होगी तो अनुमान यह निकला कि लगभग दो हजार करोड़ रुपये इन योजनाओं को पूर्ण करने में लगेंगे। मेरा अनुरोध है कि इस ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ी योजनाओं के पीछे ही हम न लगे रहें। उनसे गरीबों को, गिरिजनों को, आदिवासियों को नुकसान होता है। उनसे उनकी हानि होती है छोटी योजनाएं ही उन्हें लाभ देती हैं। यह जो दो हजार करोड़ रुपये राशि की आवश्यकता है यह राशि मध्य प्रदेश जैसा गरीब प्रांत अपने आप उपलब्ध नहीं करा सकता इसे केन्द्र की ओर से सहायता देकर पूर्ण किया जायेगा तभी यह पूरा भी सकता है।

मध्य प्रदेश का दुर्भाग्य रहा है कि केन्द्र से सम्बन्धित जो योजनाएं हैं वे मध्य प्रदेश में केवल संयोगवश आयी हैं। आज तक का इतिहास यह बताता है कि ऐसी कोई भी रेलवे लाइन नहीं है जो मध्य प्रदेश में इसलिए डाली गयी हो कि उससे मध्य प्रदेश का लाभ होगा यह रेलवे लाइनें इसलिए डाली गयीं कि क्योंकि उन्हें किसी एक क्षेत्र को देश के दूसरे किसी क्षेत्र से जोड़ना था। यह संयोगवश मध्य प्रदेश से होकर गुजरी। केवल मध्य प्रदेश के नाम से कोई भी रेल की योजना मध्य प्रदेश में अभी तक कार्यान्वित नहीं हुई। उसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग है यद्यपि मध्य प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रांत है किंतु तुलनात्मक दृष्टि से इसकी लम्बाई सबसे कम है और यह सब संयोग इत्तफाक से है इसलिए है कि देश के एक सिरे से दूसरे सिरे को जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश से होकर ही जाना पड़ता है। यदि ऊपर से, आसमान से उन्हें निकाला जा सकता तो शायद हम तब पूरे ही छूट जाते। शायद हम अपनी मांग ठीक से नहीं कह

पाते है। मेरा कहना यह है कि केन्द्र की जो योजनाएं हैं उनका लाभ देश के सबसे बड़े प्रांत को अवश्य मिलना चाहिए। इनका लाभ केवल इसलिए मध्य प्रदेश को नहीं मिले क्योंकि मध्य प्रदेश देश के हृदय स्थान में स्थिति है और वहां से योजनाओं को और वहां से कार्यों को होकर गुजरना पड़ता है।

मध्य प्रदेश की एक सबसे बड़ी समस्या सूखे से संबंधित है। पिछले 40 वर्षों में एक वर्ष भी ऐसा नहीं रहा है जब कि मध्य प्रदेश का कोई न कोई हिस्सा सूखे से प्रभावित न हुआ हो। हर वर्ष हम सूखे के लिए केन्द्र से राहत मांगते हैं और हमें राहत दी जाती है। सूखे के लिए जो राहत मिलती है उससे प्रदेश में राहत कार्य होते हैं; लोगों को रोजगार मिलता है। किन्तु हर वर्ष साल-दर-साल वर्ष प्रति वर्ष मध्य प्रदेश में दुर्भिक्ष पड़ता है, अकाल होता है। लेकिन अभी तक हमने इसका सामना करने के लिए कोई दूर-गामी योजना नहीं बनाई है, कुछ ऐसा नहीं किया है कि जो राशि हम खर्च कर रहे हैं वह ऐसे कार्यों में खर्च करें कि आने वाले वर्षों में अकाल न पड़े। मध्य प्रदेश के पिछड़ेपन के बारे में, उसके अविकसित होने के विषय में मैंने कुछ बातें कहीं है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि ईश्वर ने, प्रकृति ने, इस प्रदेश को नैसर्गिक साधन के रूप में विपुल संसाधन उपलब्ध किये है। इसके पास बहुत बड़े और कीमती वन है, बहुत बड़ी और धातुमय खनिज सम्पदा है। बहुत बड़ा भूमि का क्षेत्र है। प्रायः नदियों के उद्गम स्थल वहीं है, वहां से होकर वे निकलती है। पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध है। सभी भूमिगत और साधन वहां पर विपुल मात्रा में उपलब्ध है। यदि मध्य प्रदेश के इन साधनों का सही दोहन किया जाय तो यह प्रदेश अन्य विकसित प्रदेश के समकक्ष आ सकता है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में कोयले का इतना विपुल भंडार है कि राष्ट्र की आने वाले वर्षों की जो विद्युत आवश्यकता है वह एकमात्र मध्य प्रदेश ही पूरा कर सकता है। यदि इन सब साधनों का सही उपयोग किया जाये, सही दोहन किया जाय तो मध्य प्रदेश अन्य विकसित प्रदेशों के समकक्ष आ सकता है। इन आकांक्षाओं और इस विश्वास के साथ कि मध्य प्रदेश को भी ऐसे साधन उपलब्ध कराए जायेंगे, ऐसा आवटन उपलब्ध किया जाएगा कि यह भी विकसित प्रान्तों की श्रेणी में आ सके। मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI GOPAL RAO RAO (Andhra Pradesh); Mr. Vic$_e$ Chairman Sir, I'am very sorry to point out that the Central Government is n°t at all serious and sincere i^n its efforts to find out and strike at the root cause of all the disorderliness, violence, atrocities, loot and arson and terrorism prevailing i$_n$ the country. The increasing trend of violence, law and order problems is a clear indication of lack of confidence $_0$f the common man in the ruling party at the centre. The youth do not have anything to l^{eam} f°m the so-called leaders serving the highest positions in the country. Thus, due to the absence of religious tolerance, the common man <joe$_s$ not have safety for his life not even hope for future. I very much feel sorry for all these conditions. If we actually look at the economic situation of the country and the distribution of national wealth. I feel ashamed to state that our people are still-facing a situation $_0$f abject poverty eve$_n$ after the completion of six Five Year Plans. Now the present, patheti$_c$ economic situation has ^{come} to ridicule the planners and policy makers $_a$nd the Central Government instead $_0$f making them vigilant about the cherished ideals and policies hosen to be.a silent spectator. In ;natio$_n$ where t'here are as many as 3 cror$_e$ unemployed people in the country, how it is possible to avoid violence, terrorism and law and $_0$rder problems? Except very fe$_w$ people like businessmen, industrialists, politicians and cine actors like me who are well off, there $_a$r£ crores of people whose minimum basic needs for sustenance are not fulfilled. The benefits of all the developmental programmes with the objective of helping the poor man do not r^{ea}C(i him at all. Vested interests t^{a}k$_e$ away all the benefits of such developmental programmes.

'•"English translation of the Original speech delivered in Telugu.

[Shri Gopal Rao Rao] In Andhra Pradesh we are able to walk with our head held high for one reason, In the last 3 years Andhra Pradesh Government has distributed 5 1|2 lakhs of pucca houses to the poor! We have also met their basis needs of clothes-Dho-ties and sarees .at half the prices. Wil'n Rs. 2 a kilo of rice, the common man is able to feed his family. That gives us immense satisfaction for all our efforts. In the case of physically handicapped. Andhra Pradesh Government set a new example by allocating a .hitherto unheard Of sum of Rs. 5 crores for their welfare and rehabilitation activities. In the employment sector to. 3 per cent reservar lion was made for the physically handicapped. Now I request that the Central government Should allocate more funds for the welfare of the physically handicapped and help them live a reasonable life free from hardships.

Similarly Andhra Pradesh Government was able to give equal rights_ to women. Andhra iPradesh Government is following with all its sincerity the Supreme Court's directive of giving equal wages to wo men, i earnestly request that the Cen tral Government should also give equal rights to women in property and emp loyment. But the most troubl ed and disturbed are the people jn middle classes. They are neither forward classes nor backward classes. They can at best be called at "awkward classes". Ac tually, middle class people are the back bone of any country. It's the middle i.e. the intellectuals ' who are govern ing the country. It is they who have great sense of patriotism, it is they who are working for national unity and, integrity. It is the middle-class which having given to the nation poets, artists, singers, musi cians, painters and other exponent, of fine arts. ;s serving the country. Ultima tely jt is the middle class which can, with a deep sense of patriotism solve all the problems created by politicians. The Government js ignoring these efficient labour leaders and scholars who belong to middle classes and who can lead the country to prosperity. It is ignoring the intellectual youth of the middle classes wtio can jn fact develop a peaceful at mosphere in the country follwing the Gandhiau views.

It is a fact that- we are trying to wipe out poverty. Though we are not able to succeed fully, we could create hope arid faith in the poor people t'nat they also have some good days in store for them. But the middle class people are comple tely neglected. There are employed, un employed, underemployed and govern- i ment ' employed people. Apart from them there is one more category who are neither employed -nor do they have an hope of employment. We are ignoring this category completely. There are lakhs and lakhs of people living desperately without any hope. We do not think of them and their families. in middle class families 5 to 6 persons depend on . a single' earing member. In such cases Vhe aged should be provided with free medical facilities. In the same- way their children also should be given free medical treatment. The middle' class should not feei that the government is neglecting them. it is not good for the country. It is not enough if the government announces an increase in t'ne pay scales, Dearness Allowance, House ' Rent Allowance etc. As soon as there is increase in the salaries of employee-, whether they belong to central or State Governments, the landlord increases the rent. Milkman increases the price of milk. Vegetable prices gQ up. Prices of other provisions shoot up. If there is an increase of Rs. 100-150 jn his income, tfee poor employee has to shell out Rs. 250^00 for the increased prices of commodities: An increase in the salary, thus does more harm than good. When the government raises the salaries of its employees, }± in turn hits the unemployed. When they already Idb not. *raa\e* any source of income, the increased prices will prove a'greater burden on them. This is an interesting but unfortunate issue. When the salaries *of* the employed people are raised the resultant increase in prices places greater burden on the unemployed. When thus the government rs not sincere jn its efforts to check inflation, any increase in salaries of the employed will only adversely affect the society as a whole. Even the employed man will not get its benefit. It will only worsen the situation. The poore by inflation. The poor become

Tfae middle class youth are getting dis- I illusioned day by day. They are of no use to the country. The country is not in a position to hames$_s$ their physical or mental capabilities. S$_0$ there is a$_n$ apprehension that vve may los$_s$ thi$_s$ valuable youth for^e if they become either naxa-liies or terrorists. The present day youth ,. 'nave been desperate and driven t$_0$ believe in fate a$_n$(j tiav$_e$ lost confidence in their abilities. The middle class youth feel neglected and ignored. Thi$_s$<feelm$_g$ $_0$f being neglected would result jn insecurity among thern and they may begin to feel that they are in n$_0$ way responsible to the country. Thi$_s$ desperate feeling would drive them away from fhe national mainstream. It is the government that is driving the youth to a $_s$t^{at}e of despondency. The government should take all the blame for this state of affairs. So I I request that the government should open its eyes to $_r$eality and reconsider its policies towards middle class youth. And the$_n$ middle class people are thorough followers Of customs $_a$nd traditions. So these $_{age}$ olj traditions will b$_e$ anothe$_r$ burden on them. They still bring their sisters to their homes during festive season, give lot of gifts to sons-in-law and brothers-in-law etc. To follow these traditions they hav$_e$ to borrow money, inspite of all these difficulties they are not prepared to forego their traditions and customs. They forego all their comforts to educate their song and get their daughters married. But still, in their old age they $_a$re not able .r$_0$ rest in peace, because of the fear that the son may join terrorists, get involved in fighting, join dacoits, or commit suicide as he is unemployed. Thi$_s$ apprehension is agitating the mind of the middle class people. Their only assets are their sons and their education. But both do no* serve . any purpose.

If the younger generation form$_s$ an opinion that the government considers' them to be a more vote bank and there is n$_0$ sincere efforts to make their future bright then they will be a problem t° the society. The people of middle class society in particular $_s$hould not get the impression that the government is not sincere in its efforts. Without giving I them assurance of livelihood and employment we cannot question their patriotism. Every family should have an earning member. I request the government to consider $_m$y humble suggestion. Before we talk about national unity and integrity we should see that every individual is contended, has his basic $_r$e~ quirements and is i$_n$ a position to think of his country. We should find out if people are reluctant to do anything for the country $_a$s the country i$_s$ neglecting them. it is not enough for th$_e$ government to project it$_s$ good image, but jt should really try to be good. People should develop confidence in the government otherwise all $_0$ur efforts $_w$jll be of on use. We will not be in a position to question their patriotism unless we assure them of a Peaceful life. I request the government to bea$_r$ the travelling charges of the middle-class peop"le when they are called for interviews. The ^{a}ged should be given free medical facilities. I$_n$ the same way unemployment allowances should be given to create confidence ;n the youth.

Religion in thos$_e$ days meant prayers and bhajans. But $_n$o$_w$ religion means swords and pistols. This situation arose because the youth lost their hopes of giving $_a$ square $_m$eal to their parents as they are facing the problem of unemployment. They are not satisfied with the government and their actions. Those who have to set an example are indulging in all sort of .corruption. The government which has a policy of punishing the gi itself has started punishing those who are honestly < executing the policy. Now when the people lost confidence in these , policies and a clea$_n$ government it is upto you to bring about unity and integrity in the country. Do not try to midicule those who question your sincerity of purpose saying that' 3.00 P.M. they are trying to destroy the nation'al integration. The Prime Minister was reported by the Indian Express and other newspapers to have said at Kottayam that a section of the press is trying to stage a coup against the elected Government. I quote:

> "The Prime Minister, Mr. Rajiv Gandhi, o$_n$ Friday accused a section

[Shri Gopal Rao Rao]

of the pres$_s$ of-frying to stage a coup against the elected $_r$epresentative$_s$ of th$_e$ country and attempting to deprive $_0$ur Defence of invaluable modern equipment and undermining the security $_0$f the $_c$ountry. Speaking at the Centenary Celebrations $_0$f the Deepika Daily here he said, 'Today we see a direct attack On parliamentary democracy and the Constitution."

This is a grav$_e$ charge $_a$nd derogatory to the-freedom of the press. No Prime Minister $_0$f thi$_s$ country made such a charge against the press; not even Mrs. Indira Gandhi when she imposed Emergency in 1975 and introduced censorship of newspapers. What does the Prime Minister mean by $_a$ coup? As f$_{ar}$ as I know, a coup Or conspiracy is a secret affair. It is not done openly whereas the press criticses publicly. The $_e$xposure of corruption in the Government JS published. It is not a secret criticism of **the** Government and, therefore, jt is not a conspiracy. It ;s a duty of the press to be the watch-dog of the nation and expose corruptio$_n$ $_a$nd other misdeeds. The Prime Minister should either substantiate th$_e$ charge or with draw it. Thank you.

श्री सुखदेव प्रसाद (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस एप्रोप्रिएशन बिल का समर्थन करता हूं । मुल्क के अन्दर हमारे जो साधन हैं उसके अनुसार गवर्नमेंट जिस तरीके से खर्च की व्यवस्था कर रही है वह एक बहुत ही संतुलित और बहुत ही सोच समझ का खर्चा है । मुल्क के अन्दर हम देखते हैं तो तीन तरह के लोग हमें मिलते हैं । एक तो ऐसे हैं जो वेल टुडु हैं, दूसरे ऐसे हैं जो मिडिल क्लास के हैं और तीसरे ऐसे हैं जो पुअर क्लास के हैं ।

जहां तक अभी हमारे माननीय राव साहब ने अपनी स्पीच में बताया, उन्होंने ज्यादातर मिडलमैन की वकालत की और उस वकालत में उन्होंने हर तरफ अपने लोगों को. . . **(व्यवधान)**

PROF. C. LAKSHAMANNA (Andhra Pradesh): He said, "Maddle class" and not "middle men".

SHRI SUKHDEV PRASAD; But he was praising the middle men.

PROF. C. LAKSHMANNA: He talked about the middle class only and not about middle men. He was not talking about middle men.

श्री सुखदेव प्रसाद : तो मैं इस बात के लिये उन्हें बतला देना चाहता हूं कि मुल्क में सब से अधिक आवश्यकता विकास की पूअर क्लास को है, मिडलमैन की क्या आवश्यकता है, उसको मैं इग्नोर नहीं कर सकता । सारी मिडल क्लास की क्या आवश्यकता है, इसे मैं इग्नोर नहीं कर सकता, लेकिन पूअर क्लास जो है । . . . **(व्यवधान)** तो मैं इस बात के लिये यह चाहूंगा कि आपने जहां पर मिडल-क्लास की वकालत की, वहां पर पूअर क्लास की भी बात ध्यान में आनी चाहिये ।

But he never mentioned about the poor class.

अपने अपने प्रांत की भी बात की, आंध्र की भी बात चलाई । इस बात का बहुत ज्यादा जोर दिया आपने कि यह सेंट्रल सरकार की जिम्मेदारी है कि वह लोगों को जाब दे, लोगों के लिये सारे सामान को मुहैया करे और किसी के अन्दर कोई असुरक्षा की भावना न रहे ।

श्रीमन्, मैं इस बारे में निवेदन कर देना चाहता हूं कि जहां सेंट्रल सरकार की जिम्मेदारी है, वहां पर प्राविंशल सरकार की भी जिम्मेदारी होती है । सेंट्रल सरकार का एक लिमिटेशन है, जिसके दायरे में वह अपने काम करती है, लेकिन प्राविंशल सरकार का बहुत वाईड स्कोप होता है, जिसके अन्दर वह अपने काम को करती है ।

इसलिये प्राविंशल सरकार इसके लिये जिम्मेदार होती है कि वह लोगों की आवश्यकता को देखे । सेंट्रल सरकार अपने हिस्से के मुताबिक उनको हिस्सा देती है, लेकिन इंतजाम उनको करना पड़ता है । कुछ चीजें ऐसी है जो सेंट्रल सरकार के मातहत हैं और सेंट्रल सरकार उनको देखती है, लेकिन बाकी सारी चीजें जो होती हैं, वह प्राविंशल सरकार के मातहत होती हैं ।

इसलिये प्राविंशल सरकार को उसे देखना चाहिये और केवल यह कह कर कि सेंट्रल सरकार की जिम्मेदारी है, कोई भी प्राविंशल सरकार अपनी जिम्मेदारी से अलग नहीं हो सकती ।

देश के अन्दर आदिवासी, गरीब, हरिजन, गरीब किसान, खेतिहर मजदूर एक ऐसा तबका है जिनकी तादाद कम से कम इस मुल्क में 45 प्रतिशत है । हमारी सरकार उस ओर विशेष ध्यान दे रही है, उनके लिये जो स्पेशल योजनायें बना रही है, उनके लिये जो स्पेशल प्रावीजन कर रही है जिससे कि वह अपनी गरीबी रेखा से कुछ ऊपर उठ सकें, उसका लाभ बहुत सों को मिल रहा है, बहुत सारे ऐसे लोग हैं, बिचौलिये जो कहीं बीच में उनके हिस्से को खाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे कि गरीब उस पूरे लाभ को नहीं पा रहे हैं । लेकिन इस बात को लेकर हम यह नहीं कह सकते कि हमारी सरकार की नीयत कोई खराब है ।

सरकार अपनी नेक-नीयती से उनकी मदद करना चाह रही है, लेकिन कुछ बिचौलिये ऐसे हैं, जो बीच में उनके हिस्से के पैसे को स्वयं हड़पने की कोशिश करते हैं । तो ऐसी सूरत में प्राविंशल सरकार से इस बात के लिये निवेदन करूंगा कि यह जिम्मेदारी उनकी है कि वह देखें कि आई०आर०डी०पी०, स्पेशल कम्पोनेंट प्लान, बीस-सूत्री प्रोग्राम या दूसरी चीजों में जो पैसा सरकार दे रही है, वह कहां तक सही माने में खर्च हो रहा है । यह जिम्मेदारी उनकी होती है ।

श्रीमन्, अभी हमारे एक मित्र ने मध्य प्रदेश के आदिवासियों के बारे में जिक्र किया । मैं उनसे हंडरेड परसेंट सहमत हूं । मध्य प्रदेश में जहां कहीं भी आदिवासी हैं, वहां ही नहीं बल्कि मैं बिहार में भी देखा, मध्य प्रदेश में भी देखा है और उड़ीसा में भी देखा, जहां कहीं भी आदिवासी हैं, आपके आंध्र प्रदेश में भी, वह ज्यादा जंगलों में ऐसे स्थानों में हैं, जो खान के लिये मशहूर हैं । एक प्रकार से आदिवासी क्षेत्र खान क्षेत्र का पर्याय बन चुका है । उस पर्याय के अन्दर वह आदिवासी अपना जीवन-यापन करते हैं । उनके तरीके अपने हैं, उनके ढंग अपने हैं । लेकिन उनकी सहायता के लिये सरकार जो देती है, वह कभी-कभी ऐसी संस्थाओं के हाथों में चला जाता है, जो उनके विकास के नाम पर उनका शोषण कर लेते हैं ।

श्रीमन्, मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि ऐसी संस्थायें बहुत सी हैं, चाहे वह किसी मिशनरी के नाम से हों, चाहे वह किसी तरीके के नाम से हों, बहुत सारी ऐसी संस्थायें हैं, जिनको लाखों रुपया सरकार दे रही है केवल आदिवासियों के विकास के लिये, उनकी शिक्षा के लिये, उनकी दवा-दारू वगैरह के लिये, लेकिन सही मदद उनकी नहीं हो पा रही है । मैं चाहूंगा कि सरकार इस ओर ध्यान दे और ऐसी संस्थाओं को, जो शिक्षा के नाम पर अपने मजहब को फैलाने और दूसरी बातों के लिये वहां के लोगों को आकर्षित करती है, ऐसी संस्थाओं को तुरन्त बन्द होना चाहिये । दूसरी बात जो मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वह चट्टानी–इलाका, वह चट्टीला इलाका, जो पहाड़ी है वहां पर पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या है । वहां लोग बहुत से ऐसी जगहों पर तालाब और पोखर बनाकर पानी इकट्ठा करते हैं और पानी इकट्ठा करके उसी को पीते हैं । उनको ऐसा पानी उबालने तक की ट्रेनिंग नहीं दी जाती है, जिनसे तमाम बीमारी हो रही हैं, बहुत सी जगह पर ऐसी बीमारी हैं जो धीरे-धीरे, जैसा अभी हमारे मित्र ने घेघे की बीमारी का जिक्र किया था, मैं कहता हूं कि बहुत सी ऐसी जगह हैं, जहां पर धीरे-धीरे उनका स्वास्थ्य खराब होता चला जाता है और वह सूखकर कांटा हो जाते हैं, जल्दी उठ भी नहीं पाते हैं और धीरे-धीरे काल के गाल में चले जाते हैं । इसकी भी व्यवस्था वहां पर होने की आवश्यकता है । अगर मकान की व्यवस्था और रोटी की व्यवस्था नहीं करते हैं तो कम से कम उनके एजुकेशन की और दवा । व्यवस्था तो वहां पर होनी जरूरी है । इसलि यह आवश्यक है कि उन जंगलों में जहां वह आदिवासी रहते हैं, बड़े-बड़े पूंजीपतियों द्वारा जो ठेके और पट्टे का काम लिया जाता है, उससे वह जंगलों की सफाई करते हैं, वहां की खनिज संपदा का सफाया करते

[श्री सुखदेव प्रसाद]

हैं और आदिवासियों के हाथ में सिवा मजदूरी के और कोई चीज नहीं रह जाती है । जंगल की जो जड़ी बूटियां वे इकट्ठा करते रहे हैं, हमने बहुत सारे इलाकों में घूम-घूम कर देखा है, वह भी उनके हाथ से निकलती जा रही हैं । बहुत सारे ठेकेदार वहां आकर उनसे इकट्ठा कराकर, मजदूरी कराकर वह जड़ी बूटियां अपने स्टाक में रखते हैं और वहां के आदिवासियों को केवल शोषण कर रहे हैं और वह भी बहुत कम कीमत उनको देते हैं, दैनिक मजदूरी, जिससे वे बेचारे अपनी रोटी भी नहीं चला पाते ।

श्रीमन्, हरिजनों और गिरिजनों की समस्यायें अलग हैं । लेकिन गिरिजनों के सामने उनकी सबसे बड़ी समस्या रोजी और रोटी की है और वही समस्या हरिजनों की भी उनके सामने पड़ी हुई है । आज जिस तरीके से हरिजनों के उत्थान की बात हम करते हैं, कहीं कहीं पर आज भी बहुत सारे इलाके हमारे हैं जैसे पूर्वी उत्तर प्रदेश हुआ, बिहार हुआ, उड़ीसा, बंगाल हुआ और भी हैं, जहां ऐसी छोटी जाति को, जिनको लोग कहते हैं आदिवासी, ऐसे लोगों के साथ अत्याचार होता है और जो उनके साथ व्यवहार होता है, मैं कह नहीं सकता । वह अपनी जमीन को भी नहीं जोत पाते, अपनी खेती भी नहीं कर पाते , अपनी फसल को भी नहीं काट पाते, अपनी रोटी भी नहीं कमा पाते और अगर अपना गांव छोड़कर कहीं बाहर मजदूरी के लिये जाना चाहें तो बड़े-बड़े लट्ठबंद सिपाही उनको घेर कर मजबूर करते हैं कि वह गांव में रहें, । उनसे फोर्सली लेबर कराया जाता है । मैं इस बारे में कहूंगा कि उनको प्रोटेक्शन मिलना चाहिये हरिजनों को और उन गिरिजनों को । हमने यह देखा है कि छोटा नागपुर के बहुत से हमारे आदिवासी भट्टा मालिकों के पास जाकर एक बंधुआ मजदूर की तरह से काम करते हैं, उनको अग्रिम रुपया देकर, थोड़े रुपये देकर, उनको थोड़ी सी मजदूरी देकर उनसे साल भर काम कराया जाता है और भट्टा मालिक उससे लाखों रुपया पैदा करते हैं । उनको चन्द पैसे मजदूरी के मिलते है और उससे वे अपनी कर्जा भी पूरा नहीं कर पाते । यहां से कर्ज लेकर वे जाते हैं और किसी तरह से अपना पेट पालते हैं, ऐसी उनकी अवस्था है ।

श्रीमन् जहां तक मुल्क की प्रगति का सवाल है, उसके विकास का सवाल है, मैं कहना चाहूंगा कि आज हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि हमारे साथ दुनिया के जितने भी मुल्क आजाद हुए भारत उनमें से सबसे पहला मुल्क है जिसने हर मामले में प्रगति की है चाहे वह इंडस्ट्री हो, चाहे वह खेती ही या कोई भी क्षेत्र हो । आज भारत अपने पैरों पर खड़ा है तो दुनिया के बहुत सारे ऐसे मुल्क जो भारत की तरक्की को देखकर जलते हैं, वे भारत के खिलाफ ऐसी साजिशें करने पर तुले हुए हैं जिससे कि भारत अपने घरेलू मामलों में फंसकर रह जाएं और दूसरे मुल्कों की रहनुमाई न कर सकें ।

श्रीमन् एक बात मैं और साफ तौर पर बतलाना चाहता हूं कि अभी हमारे प्रधान मंत्री जी के बयान का जिक्र माननीय राव साहब ने किया था । मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि एक चीज हमको यह बतलावें कि छोटी से छोटी बातें जिनको कि हम यह कहते हैं कि सूरज पूरब से निकलता है और उसको अखबार वाले छापते हैं कि सूरज पश्चिम से नहीं निकलता है, तो इसका क्या मतलब है ? ऐसे अखबार वाले यहां पर है, ऐसा एक सेक्सन है अखबारों का जो भारत की छवि को बिगाड़ने पर तुला हुआ है, देश के नेता की छवि बिगाड़ने पर लगा हुआ है । दूसरे मुल्कों की शह पर वे ऐसा काम कर रहे हैं । कितनी यह बात गलत है । मैं कहना चाहता हूं कि ऐसे अखबारों को सरकार को बंद करना चाहिए । लेकिन जो निष्पक्ष अखबार हैं, तो अपनी स्वतंत्र राय देते हैं, सरकार की आलोचना भी करते हैं, सही काम करती है तो उसकी तारीफ भी करते हैं, उनको सरकार को प्रोत्साहन देना चाहिए ताकि देश की छवि, देश के नेता के काम सरकार के काम के मुताबिक उसकी छवि जनता के सामने आ सके । मैं चाहूंगा कि जहां गलती हो उनको रास्ते पर लाए ताकि सरकार सही रास्ते पर चल सके ।

श्रीमन्, यह जो बिल आया है, मैं इसका तहे दिल से समर्थन करता हूं और यह चाहता हूं कि जो योजनायें मुल्क के अन्दर चल रही है उनको पहले सरकार को अपने हाथ में लेकर पूरा करना चाहिये, उसके बाद भविष्य की नई योजनाएं सरकार बनाएं । इससे देश की छवि बढ़ेगी और देश आगे बढ़ेगा । इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, बजट के एप्रोप्रियेशन बिल पर हम आज चर्चा कर रहे है । आज हमारी सरकार की बजट बनाने की क्षमता की अक्षमता का यह मतलब हो गया है कि साल में तीन बजट बनाये जाते हैं और एक साल का भी ब्योरा देने में भी सरकार असमर्थ हो गई है और एक नई पद्धति आ गई है कि बजट के पूर्व ही बहुत सारे कर लगा दिये जाते हैं । इस वर्ष भी बजट के पूर्व लगभग 1718 करोड़ के कर लगा दिये गये जब कि 322 करोड़ के ही नये कर लगाये गये। यह वास्तव में भारत की जनता के साथ एक क्रूर मजाक है और यह बजट बनाने की क्षमता की अक्षमता है ।

महोदय, इस बजट में जिन तीन चार चीजों की ओर मैं सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं, उनमें बेरोजगारी, गरीबी और देश पर विदेशी कर्ज हैं। आज हमारे देश में जो रजिस्टर्ड अनइंप्लायड हैं वे 2 करोड़ 96 लाख हैं जबकि दूसरी ओर सरकार के आर्गनाइज्ड सैक्टर में ढाई करोड़ लोग सेवारत हैं, उनमें से 86 टेक्सटाइल मिलें बन्द पड़ी हुई हैं । बिहार की रोहतास इंडस्ट्रीज चार साल से बन्द हैं । दो तीन बार प्रधान मंत्री भी घोषणा कर चुके हैं कि वह शुरू होगी लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ । वहां के 15 हजार मजदूर बिलख बिलख कर रोते जा रहे हैं और बिहार सरकार कान में तेल डालकर सोई हुई है । जहां नये उद्योग देने की बात है वहां पुराने उद्योगों को भी चलाने के लिए कोई काम नहीं हो रहा है । इन्कम टेक्स की बात कही गयी । इन्कम टक्स में बहुत सारी सुविधायें दी गई हैं । इसमें दो-तीन बातों की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । इंकम टैक्स विभाग में डिायरेक्ट रिक्रूटड प्रमोटीज में दो क्लास के आफिसर होते हैं – क्लास एक और क्लास दो । इनके अन्दर भेद रखा जाता है जिसके कारण काफी मतभेद रहता है । जो इनके द्वारा उपयुक्त कार्य होना चाहिये वह इसी कारण नहीं हो पाता है । इंकम टैक्स डिपार्टमेंट के वे अधिकारी जो जाकर जनता के खाते देखते हैं उनकी बहुत दिनों से डिमांड चली आ रही है कि उन्हें गजेटेड आफिसर घोषित किया जाय । लेबर मंत्री की सबॉर्डिनेट लेजिस्लेशन कमेटी ने अपने 12वें और 16वें प्रतिवेदन में इसकी सिफारिश भी की है । परन्तु सरकार आज तक उस पर मौन है ।

इंकम टैक्स को आपने जो दर रखी है कि 18 हजार तक आप इंकम टैक्स नहीं लेंगे तो मेरा सुझाव है कि जिस प्रकार से देश में महंगाई बढ़ी है, जिस तरह से आम आदमी का वेतन बढ़ा है और अगर आप वास्तव में उन्हें सुविधा देना चाहते हैं तो कम से कम इस लिमिट को 25 हजार तक बढ़ा दिया जाना चाहिये ।

एप्रोप्रिएशन बिल पर यह बात भी आई है कि सारे विभागों में जो खर्चे हो रहे हैं उनके लिये पैसा चाहिये । मैं कहना चाहता हूं कि सरकार का जो अनावश्यक वेस्टफुल एक्सपेंडीचर हो रहा है उसको और ध्यान दिलाते हुये एक दो उदाहरण देना चाहूंगा । देश के 264 मजर प्रोजक्ट्स हैं इनके ऊपर लगभग 65 हजार करोड़ रुपये की पूंजी लगी हुई है । यह पूंजी उपयोग में नहीं आ रही है । 65 हजार करोड़ की राशि इतनी बड़ी है कि हमारी सातवीं पंचवर्षीय योजना की सारी आर्गेनाइजिंग इंडस्ट्रीज को पैसा मिल सकता है । यह सरकार की अक्षमता का एक उदाहरण है । यह सरकार न तो पब्लिक सेक्टर को ठीक से चला सकती है और जो प्रोजक्ट हैं उनको ठीक समय पर पूरा नहीं कर सकती है । यह सरकार की अक्षमता, इनकम्पीटेंसी है और इसका परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहा है । गरीबों का खून चूसा जा रहा है । गरीबों को जो सुविधायें मिलनी चाहियें वे सुविधायें उनको मिल नहीं रही

[श्री अश्वनी कुमार]

हैं । मैं इतना ही निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे बिहार में मोनाडी कोल प्रोजेक्ट है । इसमें 17 साल विलम्ब हो गया । बोकारो और भिलाई के जो एक्सटेंशन की बात थी उसमें भी 11 वर्ष देर हो गयी । हल्दिया प्रोजेक्ट जो है उसमें भी 10 वर्ष देरी हो गयी । यह सरकार की अक्षमता का उदाहरण है । अगर इसी प्रकार से पैसा खर्च करना है तो देश की गरीब जनता को कहां से मिलेगा । सरकार की नाक के नीचे, दिल्ली के अन्दर पिछले वर्ष डी०डी०ए० का एक ऐसा उदाहरण मिला है कि भगवान जाने । डी०डी०ए० ने ऐसी इमारतें बनाई हैं जिनमें नीचे कंकरीट डाले बिना बिल्डिंग को खड़ा कर दिया है । यह सरकारी अक्षमताओं का उदाहरण है । अगर सरकार इसको नहीं रोक सकती तो देश की जनता का भला नहीं हो सकता । यह तो उस इकॉनोमी की बात है जो सरकार के ध्यान में है और दूसरे हमारे देश में एक पैरलल इकोनोमी चल रही है । कालेधन के नाम से बहुत कुछ चल रहा है । इस काले धन के बारे में मैं अपनी बात नहीं करता मैं लोक सभा की एस्टीमेट कमेटी की 47वीं रिपोर्ट का एक उद्धरण देना चाहता हूं ।

"According to the findings of the National Institute of Public Finance, the estimated black money in the country for 1983-84 ranged between Rs. 31,000 crores to Rs. 36,000 crores."

इसी कमेटी ने आगे कहा है । इतना काला धन है कि इंकम टैक्स विभाग और सरकारी विभाग के जो कर्मचारी हैं वे छापे मार कर कालाधन निकालेंगे तो उसका क्या होगा ।

"The Committee also noted the number of prosecution cases pending till March, 1986 in various courts was 9,303 whereas the convictions and acquittals during 1985-86 were 70 and 43 only."

केवल सत्तर सौ केसेज नौ हजार केसेज में से निपटाये जा सके हैं । यह इंकम टैक्स डिपार्टमेंट की अक्षमता का उदाहरण है । यही स्थिति कस्टम और एक्साइज ड्यूटी विभाग के अन्दर है । जिनके अन्दर हजारों-करोड़ों रुपया हमारा फंसा हुआ है । इसके अलावा देश के अन्दर आज बहुत बड़ी मात्रा में कालाधन इकठ्ठा हो गया है । यह कालाधन केवल देश में ही नहीं है, अब यह कालाधन विदेशों में भी जा रहा है । इसके लिए मैं अखबारों की बात नहीं करता हूं, अपनी बात नहीं करता हूं, लोक सभा की पब्लिक अकाउन्ट्स कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में जो कुछ कहा है उसको कोट करना चाहता हूं– पांचवीं लोक सभा, 1974–,75, दिनांक 25–4–1975.

"There are more unseen factors in the institution of Indian agents than meet the eye and a thorough probe of the practice of having Indian agents in Government deals with foreign suppliers. The Committee which was investigating the commissions paid to agents in fertilizer deals noted that sometimes the actual commission was three times more than the figure given by the agent."

इसी इकार से एस्टिमेट कमेटी ने कहा है कि बिचौलिये होते हैं जिनको कालाधन दिया जाता है और वही धन विदेशों में जमा कर दिया जाता है । उसने कहा है ।

"The Committee believe that there is a tendency on the part of foreign suppliers and Indian agents to avoid disclosing the commission for violating payment of tax with the object of accumulating foreign exchange abroad by violating Foreign Exchange Regulations."

जब बिचौलियों की बात होती है तो कालाधन इकठ्ठा करने की बात भी होती है । हम लोग जब इसकी जांच की मांग करते हैं तो कहा जाता है कि प्रमाण दीजिए । मैं पूछना चाहता हूं कि जब हम यह कहते हैं कि अफसर घूस लेते हैं तो क्या यह बात किसी

बिजनेसमैन के खाते में लिखी होती है ? ये सारी डील्स बैंक के माध्यम से नहीं होते हैं। हमारे देश में दूसरे नम्बर का धन्धा कालेधन के रूप में चल रहा है। ऐसी स्थिति में भी जब कोई यह कहता है कि इसका कोई प्रमाण नहीं है तो वह अपने आपको धोखा दे रहा है, समाज को धोखा दे रहा है, देश को धोखा दे रहा है। आज हमारे देश में स्थिति यह है कि कितनी बड़ी मात्रा में कंस्ट्रक्शन के कामों में कमीशन मिलता है, किस काम में कितने बिचौलिए रहते हैं, यह किसी से छिपी हुई बात नहीं है। प्राय: हर काम में परसेन्टेज निर्धारित होता है। इसको रोकने के लिए सरकार असफल रही है। पिछले वर्ष आपने कुछ बड़े बड़े अफसरों के घरों में छापा मारे थे तो उनके पास करोड़ों की सम्पत्ति मिली थी। यह करोड़ों की सम्पत्ति उनकी अपनी कमाई नहीं है। यह सब कालेधन का परिणाम है। आपकी नीति के कारण इसको प्रश्रय मिल रहा है। मेरा इतना ही कहना है कि आज जिस प्रकार से हमारे देश में कालाधन काम कर रहा है, इसको रोकने में सरकार विफल रही है, असफल रही है। हमारे सामने जो थोड़े से घपले आये हैं वे टिप आफ दी आइसबर्ग हैं। अगर आप अखबार पढ़ते हैं तो आपको पता चलेगा कि कितना रुपया कालेधन का विदेशों में जमा हो चुका है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि सरकार हमें इसकी सत्यता के बारे में बताये। एक समाचार पत्र में कहा गया है कि 25 हजार करोड़ रुपये भारतीयों के विदेशों में जमा हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार इस समाचार की सत्यता के बारे में सही स्थिति हमारे सामने रखे। सरकार ने कहा है कि वह कालेधन को रोकने के लिए कदम उठा रही है। आज हमारे देश में इस प्रकार की चीजें हो रही हैं कि डिफेन्स डील के अन्दर घपला हो रहा है, पैट्रोलियम के अन्दर घपला हो रहा है और अन्य बड़ी बड़ी चीजों के अन्दर घपले हो रहे हैं। सरकार को अपनी छवि स्वच्छ करने के लिए कदम उठाने चाहिए। आप जानते हैं कि पहले सिराजुद्दीन काण्ड, तुलमोहन राम काण्ड आदि हो चुके हैं। उनकी इन्क्वायरीज भी हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में जो घपले अभी हो रहे हैं उनके संबंध में भी सरकार को अपनी छवि देश की जनता के सामने स्वच्छ करने के लिए उनकी जांच करने के लिए एक संसदीय समिति का गठन करना चाहिए। अगर सरकार ऐसा नहीं करेगी तो जनता का विश्वास उस पर से उठ जाएगा। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार की छवि स्वच्छ करने के लिए, पोलिटिशियन्स की छवि स्वच्छ करने के लिए अगर सरकार ने यह कदम नहीं उठाया तो इस सरकार की छवि और भी खराब हो जाएगी। आज स्थिति यह हो गयी है कि रेल के डिब्बों में या अन्यत्र लोग पार्लियामेंट के मेम्बर को या एम०एल०ए० को देखते हैं तो उनको चोर समझते हैं... **(व्यवधान)**।

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री रामानन्द यादव) : विरोधी पार्टियों के लोगों को देख कर लोग यह समझते हैं, हमको देखकर ऐसा नहीं समझते हैं।

श्री अश्विनी कुमार : आपकी संख्या साढ़े पांच सौ से भी अधिक है, आप खद्दर पहनते हैं, इसलिए लोग आपको ज्यादा पहचानते हैं। हमको कोई नहीं पहचानते हैं।

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : तो पंजाब और असम में क्यों हारे ?

श्री रामानन्द यादव : आप पूरे हिन्दुस्तान में क्यों हारे ?

श्री अश्विनी कुमार : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक और विषय की ओर ले जाना चाहता हूं। हम गरीबी को दूर करना चाहते हैं और इसके लिए आपने योजनाएं बनाई भी हैं। परन्तु आज सबसे बड़ी समस्या यह हो गई है कि गरीबी जो है वह सबसे ज्यादा गांवों में है। गांव के व्यक्ति को आज

[श्री अश्वनी कुमार]

दो जून का खाना भी नहीं मिलता है। अगर वहां पर किसी को मजदूरी मिलती है तो वह 3-4 रुपया ही मिलती है जब कि अगर वह शहर में रिक्शा भी चलाता है तो भी उसको 12 से 18 रुपये तक मजदूरी मिल जाती है। इस कारण गांवों के आदमी शहर की ओर भाग रहे हैं। अगर आपको देश की गरीबी हटानी है तो आप गांवों की गरीबी हटाइए। इसके लिए जब तक आप गांवों में सुविधाएं प्रदान नहीं करेंगे तब तक आप ऐसा करने में असमर्थ होंगे और आपके सारे नारे खोखले साबित होंगे। इसलिए इस संबंध में मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि अगर आप गांव के अन्दर गांव के व्यक्ति का विकास करना चाहते हैं, उसको उचित मजदूरी दिलाना चाहते हैं तो आप हर गांव में बिजली देने की व्यवस्था करें। अगर आप वहां बिजली पहुंचा देंगे तो आज गांव के जो पढ़े लिखे व्यक्ति हैं जो कि टी०वी० देखने के लिए शहरों की ओर भागता है वह नहीं भागेगा और वह गांव में ही रहेगा, वह वहां अपने उद्योग-धंधे चलायेगा, पम्प चलायेगा, ट्रेक्टर चलायेगा। महोदय, लेकिन बिजली की क्या स्थिति है यह मैं आपको बताना चाहता हूं। महोदय, राज्य सभा में 13 अप्रेल को मेरा क्वेश्चन नम्बर 73 था उसमें मेरा प्रश्न था कि पिछले तीन वर्षों में बिजली का डेफीसिट कितना था? उसकी कितनी आवश्यकता है और कितनी कमी है। बताया गया है उत्तर के अन्दर कि 1984-85 में 104सौ मिलियन यूनिट की कमी थी और टोटल कमी 6.7 प्रतिशत थी। यह कमी 1986-87 में बढ़कर 18080 मिलियन यूनिट हो गई और यह डेफिसिट 9.4 प्रतिशत हो गया। धीरे धीरे यह डेफिसिट बढ़ रहा है। हर साल आपकी योजनाओं के हिसाब से यह डेफिसिट बढ़ने वाला है। आपके आंकड़े बता रहे हैं कि आप बिजली की पूर्ति नहीं कर सकते। अगर आप इसकी पूर्ति नहीं कर सकते तो इसके लिए जो अक्षमता है वह कहां है? यह सरकारी कारखानों की अक्षमता है, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की अक्षमता है। पिछले वर्षों में 5 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर आपने थोड़ा सा बढ़ाया है। वह 44 प्रतिशत से 53 प्रतिशत पर आया है। अगर सारा कैप पैसा लेकर इसके अंदर पूरे धन की व्यवस्था कर इस पर ध्यान दें तो यह हो सकता है। लेकिन इस बार आपने बहुत कम धन बिजली विभाग को दिया है। अगर आप 5 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर बढ़ा दें तो इस साल तक आप इस मामले में सरप्लस हो सकते हैं। सरप्लस, यह भी एक साइकोलोजी होती है। आपको याद होगा कि पहले राशन चलता था, ब्लैक चलती थी। एक बार रफी अहमद किदवई ने राशन हटा दी तो लोगों को यह साइकोलोजी हो गई कि जब चाहेंगे खरीदेंगे, हमको मिलेगा और ब्लैकमार्केटिंग ऊपर से नीचे चली गई।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से वित्त राज्य मंत्री जी बैठे हैं और देश का सौभाग्य है कि प्राइम मिनिस्टर साहब आज हमारे वित्त मंत्री हैं, इसलिए मैं आपके माध्यम से वहां तक अपनी बात पहुंचाना चाहता हूं। महोदय, अगर सरकार देश की गरीबी को वास्तव में दूर करना चाहती है और गांव के व्यक्तियों को गांव में ही रखना चाहती है और यह चाहती है कि वे लोग शहरों में आकर फुटपाथ के भिखारी न रहें तो इसके लिये वह बिजली की पूर्ति करे। इसके लिये बिजली की पूर्ति नितान्त आवश्यक है। जब बिजली की पूर्ति हो जायेगी तो उसके बाद स्वयंमेव पानी की पूर्ति होगी और आगे के काम अपने आप होते चले जायेंगे, यही मेरा आपसे निवेदन मात्र है।

महोदय, इसके बाद मैं अपने राज्य बिहार की समस्याओं को आपके सामने रखना चाहता हूं। महोदय, बिहार बहुत पिछड़ा हुआ प्रदेश है। हमारे बिहार के एक मंत्री यहां पर बैठे हुए हैं। वे रूरल डेवलपमेंट मंत्री हैं। मैं दो आंकड़े देना चाहता हूं। पापुलेशन पर कैपिटा और आल इंडिया एवरेज आफ सरफैस रोड 90 किलोमीटर है लेकिन बिहार के अंदर यह केवल 41 किलोमीटर है।

सातवीं पंचवर्षीय योजना में आपने जो इनवेस्टमेंट पर-कैपिटा दिया है वह वैस्ट बंगाल में 755 रुपये, उत्तर प्रदेश में 875 रुपये, पंजाब में 957 रुपये, हरियाणा में 2244 रुपये और बिहार में 731 रुपये । पिछड़ा हुआ बिहार और भी पिछड़ता चला जायेगा, आगे नहीं बढ़ेगा । देश की प्रगति के लिये अगर आपका पिछड़े प्रदेशों के साथ इस तरह का व्यवहार होगा तो सारा देश पीछे चला जायेगा और आपकी सारी योजनायें ठप्प हो जायेंगी और देश आगे नहीं बढ़ सकेगा । इसलिये मेरा सुझाव है कि बिहार के अंदर आपको जो खनिज मिलते हैं, उनकी रायल्टी बढ़ा कर बिहार को ज्यादा साधन दिये जांय ।

महोदय, दो और छोटी समस्याओं की ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करके अपनी बात समाप्त करूंगा । पलामू और रांची के अन्दर गरीब आदिवासी और हरिजन "लाख" का काम करते हैं । आपने लाख को इम्पोर्ट किया है । पिछले वर्ष लाख की कमी थी, आपने बड़ी मात्रा में थाइलैंड से लाख को इम्पोर्ट किया । इस बार फसल अच्छी हुई है । लेकिन 35 रुपये प्रति कि० ग्रा० लाख का दाम 5 रुपये प्रति कि० ग्रा० आ गया है । गरीब किसान भूखों मरने की स्थिति में आ गये हैं । मैं आपसे निवेदन करूंगा कि थाइलैंड से जो लाख आप आयात कर रहे हैं उसको बंद कीजिए, नहीं तो साढ़े चार लाख आदिवासी पलामू और रांची जिले के अंदर जो उसमें लगे हुए वे बचेंगे नहीं ।

अन्त में, छोटा नागपुर के साथ हमारी केन्द्रीय सरकार ने क्रूर मजाक किया है । हर बजट के अंदर हर समय कोई न कोई नई सुविधा, नया धन दिया जाता है । पिछले चुनाव के समय केरल के कोचीन को चार मेल ट्रेन्स दी गयी । वहां दी गयी हैं इसका मैं स्वागत करता हूं लेकिन छोटा नागपुर, टाटा, रांची, डालटनगंज, बोकारो आदि को उत्तर भारत से जोड़ने वाली दो ट्रेन्स थी उनमें से एक को बंद कर दिया गया है । यह छोटा नागपुर और वहां के आदिवासी तथा इंडस्ट्रियल जनता के साथ क्रूर मजाक किया जा रहा है । जहां सबको सुविधाएं बढ़ाई जाती हैं वहां उनको घटाया जा रहा है । यह घोर अन्याय है । मैं इसका विरोध करता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि अगर आप नयी सुविधाएं देने में असमर्थ हैं तो फिर से कम से कम जो सुविधाएं थीं उनको बरकरार कीजिए ।

मैं वित्त मंत्री जी से एक अन्तिम निवेदन और करूंगा । क्या इस सेवेन्थ फाइव इयर प्लान में आपने बहुत सारे एटामिक पावर स्टेशन्स का प्रावधान किया है ? बिहार, जहां से यूरेनियम निकलता है क्या उसको भी एक या दो पावर स्टेशन्स देने की बात करेंगे ? मैं मंत्री जी से इन प्रश्नों का उत्तर चाहूंगा और इन्हीं शब्दों के साथ आपको धन्यवाद देता हूं ।

SHRI MR BHADRA PRATAP SINGH. (Ultar Pradesh): Mr. Vice-Chairman,-Sir, while supporting the Appropriation (No. 3) Bill, 1987,*J* would like to make a few suggestions as well as express some of my apprehensions.

Sir. psychologically, th$_e$ Budget should deal only with policies and the apporrion-, ment of revenue and expenditure and not with levying of taxes -and excis$_e$ duties.

श्री रामानन्द यादव : पढ़ने से तो अच्छा होता आप हिंदी में भाषण दिये होते । हिंदी भाषी प्रांत के हो करके अंग्रेजी में भाषण दे रहे हैं ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : यही सिखा रखा है आपने ।

,RI BIR BHADRA PRATAP SINGH: I am expressing my views on $_a$ iechnical matter. The question of hnguag$_e$ becomes immaterial. Sir, for taxes and $_e$[xc]S£ duties, separate legislations can be enacted from time to tim$_e$ in the Parliament, but' in the normal-course, th$_e$ structure should not generate to impart the feeling of instability. The psycho-fear that every Budget means inflation should be 'demolished.

' [Shri Bir Bhadra Pratap Singh]

Now I would like to draw your attention that the essential ingredient of taxation policy is the confidence which the Government should infuse in the minds of the assessees. To believe what the asses-see tells and bring the assessee in the net if he is a tax-evader. The Government* policy has been that while on, the one hand, the tax-payers were asked to come out with theij- concealed income and wealth an'd the revenue authorities were asked to accept what the assessees say and not question them, generally, on the other hand,i the investigating machinery was strengthened to catch the tax-dodgers and bring them to book. When the amnesty scheme was initiated, the lawyers, as a class, were suspicious of the intention of the Government, but the climate infused restored the confidence of every sections of the society which is clearly manifested in the amount of disclosure made in the country.

Sir, th,. problems which are to be tackled are how to put checks and counterchecks on the trade and industry to stop generation of black money anj how to detect black money. So far as the first problem is concerned, my suggestions are: Firstly to relax curbs and controls in licensing trade and industry. Secondly, single-point tax in terms of excise 'duty, in-come-ltax and sales-tax.' Duplicity of taxes gives; incentive to the people to generate black money. My third suggestion is, the information system at the final stage of taxation should be perfect and gearing of an independent machinery to check the tax evaders on the basis of this information.

The fourth suggestion is, lowering the rate °f tax and final evaluation of wealth tax. As a mattter of fact, the entire amount of wealth tax can be recovered in the shape of income-tax The Government should give incentive to the growth of wealth in the hands of the companies, individuals, etc.

Coming to section 194E...

SHRI B. K. GADHVI; It has now been 'deleted

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH: But there were certain good aspects of it. We must not miss those aspects. That is why I hope you will seriously consider , these suggestions What were the basic faults pointed out in this 194E provision? The proposal has been initiate^ on the pattern of the United Sates of America, but without following the other tenets of law obtaining in the Unted Saes of America. That was the main point where we faltered. So, I have an alternative suggestion for your kind consideration. The essence of their income-tax system is the speed with which they settle the assessment. In the normal course, he assessees are never called by the income-tax department in their office. In case any information is required by the assessee, the income-tax authorities *suo moto* contract the assessee and if necessary, even send their *oiftCer to* collect the relevant information. Besides that there are certain standard deductions which are essential for proper maintenance and upkeep for the family and which are permitted by the incme-tax department in the normal course.

SHRI B. K. GADHVI: It would have been better if you had raised these points when the Finance Bill is taken up. It will <3ome up tomorrow.

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH; But my party may not provide me time to speak on that .Bill. After all this is also the Finance Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMTNATHAN).: The hon. Member is taking the earnest opportunity that is possible.

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH; If the hon. Minister assures me that he will get me a chance. I will immediately stop and talk about other' points.

Now here are a few suggestions because deduction at source had certain advantages also. With the deletion of this section, the advantages have also been done away with. So, as an alternative to this Ihave got to make' the following three suggestions. Firstly, companies and firms having certain minimum specified turnover in a year may be required to submit a list

to the income-tax department of the sup- i pliers who have supplied the goods beyond certain minimum specified limit in different individual case.

Secondly, the companies should be asked to insist the suppliers to give permanent account number to a company and the same number should be communicated to the income-tax department while submitting the above list.

Thirdly, the income-tax 'department should be asked to- carry out a sample check in these lists every year to verify whether the suppliers have included these transactions in their business for the relevant year.

I think if these suggestions are taken, the advantages could be restored in spite of the dropping of the provision. And the purpose would be achieved. I think that was the purpose -for which we tried to bring in that provision. Now time an'd again discussion has taken place about the flight of capital, amnesty, repatriation and launderej money. That is a very basic argument when you are considering the Finance Bill or the Appropriation Bill and I think the discussion will not end here. Thg question of foreign investment was one of the points which I supported in this House and I said, that instead of going to other countries — to the **IMF** and other parts of the world—with a begging bowl, why should we not invite our own people back to this country who have gone out side, who have sent their money out of the country to come back and invest here? Now the Amnesty Scheme came here both internally and about foreign investments as well. The whole question is whether our objective has been achieved or not. If our objective has not hjen achieved, then we must seriously consider about the . I scheme itself; otherwise it will be no use ' { putting our head into the sand. When in reply to my Starred- Question, it was sta-.. ted that the Reserve Bank 0f India has received 475 'declarations involving about 67 crores of rupees, I was surprised that not even a little fraction of wbaf was expected to come to the country has come. The whole problem is that flight of capital tg controlling.

Now the other correlated question was whether the money is repatriated back to the country or not. The Opposition made the poin tthat we are trying **to** get laun» dered money. Yes, we did try. The money which goes outside the country is black money. They generate black money jiere and send it out. We are generoi[1].-enough to accept it back arid whether we call it laundered money or tainted money, it becomes number one money when it comes back. If it is not repatriated back, if that objective is not achieved, then may I suggest very seriously what to do about it? May I point out one or two questions that I had raised when hon. Prime Minister was present here? The NRTS and others whom we want to bring through this Amnesty Scheme have two types of different advantages So far as NRIs are concerned, they *are* definitely in a better position than, those whose money is going outsi'de the country. So far as NRIs are concerned, they can bring in their money by way of investment in India. No restriction on NRI investment in India is places under the present law. They could deposit money in India. They have the facility to repatriate the money at any given time and even where it was required but they wanted to take it back, we have facilitated them by appointing, commissions even. They could grant loans With intertt or without interest in this country. Or they could divert the funds tp any relative by way of gift or other modes of transfer. But 'hese facilities are not available to other persons whose money !?oes out of Tndia but who are not NRIs. the circumstances that were existing in this country then, they thought it prone,- in their own interest to take the money out. So long as those conditions exist in Tndia why should they bring back the money? Thaf is the basic problem .which T wanted to nose and I think von will consider it. Either the scheme has failed or pOT approach has not proved be- ^neficinl to the count fts the capital flight continues and in case, in sPite of the "mnesty ih? monev is not reverting to this country the 'whole problem would be. how far we shall be able to tackle—because, let Uj not be un'dsr the mistaken imnressio.-, that since NRT, enjoy

a number facilities on their own account,

therefore, those other than NRTs will also

[Shri Bir Bhadra Pratap Singh]

take advantage of the scheme. They can't do so for sending or holding money abroad, jhey will not be bringing the money back because, otherwise, before the Reserve Bank their position would be that of an approver and they shall always be amenable ana they cannot act in any manner they like. So, so long as *nis disparity ' between the NKSs and others remains, I think this repatriation of money problem . will not be solved and the amnesty will go waste. Now, so far as voluntary disclosure is concerned, the malady remains and so long as the drstinetion remains, I think we are not going to succeed on that account.

Now the most important question on which I wanted to know is about ihe in ternal debt, externa! debt and the interest payment thereon. We may skip over any ciher liability, and other problem, but let us. not try to skip over cm this most im portant aspect of our economy which we are bound to face in times to come. Now I I gather from CTnstarred Question No. I S»6 dated 8th April 1987, in the Lok , Sabha= that the amount of outstanding public 'debt as at the end of 1986-87 is .'estimated at Rs. 1,05,427 crores. The amount of public debt as on 31st March, 1987 was Rs. '23,068 crores. Balance of public debt as on 31st Ma rah 1977 to 31st March 1987 is given year-wise. . On 31-3-1987 it was Rs. 1,05,427. Nov the interest is also given year-wise and it is Rs. 5,778 crores as on 31-3-1987. We-can-reasofi, skip over these debts —a serious problem—because now the in terest payment question itself would arise, bothon-the internal and the external fronts. Withonf bothering any further, r think the honourable Minister must be aware of this. Don't think th e have decided oh a policy of not taking ^ny loans from th8 IMF; the problem will not be there. But what about the loans that are already ' taken? Don't think that those loans are not pi Even today,- on one of the questions with regard to the question of a' We-German firm. the point arose about, the loan to be given to India for mining purposes. It was Rs. 180 crores, Rs. 118 crores and then Rs. 110 crores and so on. A loan of more than Rs. ' 400 crores was confessed even today. And foreign loans come in foreign exchange. It is in their own currency and when repayment will have to be- made, it will have .to be in their own currency only. I am not talking about loopholes, I am not talking about improvement of the public sector undertakings It depends on the entire national culture—whether they are able to improve or not. But. nevertheless, the fact remains that foreign loans are mounting and their interest has become payable. What provision is y^oul" economy going to make, your budget is going to make'? I don't know what it is. What you said, however, is a welcome step: you said that we will generate our own resources, we will create our own resources and cut down the wasteful expenditure. I could very well follow it. But I don't think-^ou are anywhere near cutting down the wasteful expenditure. It is getting high, it is mounting. It is very important. I must tell you,.the gap between the revenue earnings and the revenue expenditure is met totally from the capital receipts which, besides public debt, include small savings, provident fund, . reqoveries of loans. reserve funds etc etc. So, the people who are contributing to our economy are these poor people, these poorer sec-lions of the society. Our economy, in fact, is dependent on the contribution made by these poorer sections of the society. What about the middle class? What about the capitalist class? About the tax of Rs. 322 crores there was such a hue and cry. There was such a big discussion, there wag so much of lobbying, there was so much of pressure.. So. Who is contributing to the national economy? These are the i leTrt 'fund, small savings, recoveries . of loan--, reserve funds etc. etc. *nd the i that ot" economy created right from the time of Pt. lawaharlal Nehru till to-tlay in the form of public sector assets. They are contributing. Otherwise, the rich are not' prepared to pay. Even in reply . of one of the questions the answer came that one of the industralists who was catighf had deprived, the exchequer of Rs. 118 crores. If two such cases are caught three such cases are caught, then this amount of Rs. 322 crores will be met out of that alone. -They commit theft, they conceal, they do not make any disclosure. When we are harsh on fhem. then, fhey

make s;ich a flue and cry. They do all \ sorts of lobbying. They put all sorts of , pressure. So, it is the poor man's money which is running ou$_{r}$ economy. It is the public sector undertakings' contribution which is running our economy. The rich are not prepared to pay eve$_{n}$ Rs 322 crores.

The hon. Minister wa$_{8}$ nodding his hea'd to say that they were seriously thinking about foreign debt and payment of interest that we would be required to make. Are yuu thinking about this hug$_{e}$ burden of tbo debts on the national economy? If you don't pay it quickly, then, the credibility of th$_{e}$ Government would disappear. Therefoi^ I was suggesting that we should not leav$_{e}$ like that because the rich men are not prepare'd to pay whenever there is a fresh tax..

That is why I have made a few suggestions which the Minister of State was considering irrelevant at th$_{e}$ very beginning. Though we have abolished the tax at source, there were certain good advantages. This tax-evasion could $_{n}$°t b$_{e}$ possible. The whole ple;i was that the Income-tax office ' would be converted into $_{a}$ kind of Refund ' of Income-tax office. This was the whole iogic. After all, somehow or other we have succumbed to it. But let us go at the source of this income. That i$_{s}$ why I have made three relevant suggestions. I hope you will consider thos$_{e}$ relevant suggestions, apply your economy, get benefited by a provision of law. Otherwise, J tell that the capitalists of the country are not prepared ^{to} P^{a}y, ^{are} not prepared to contribute to the national economy, national activity. The whole income-tax contribution is hardly 2 per cent, and whatever excise and customs duties comes the entire state exchequer comes from the contribution of poor men and our public sector undertakings that we have created. It wa$ the wisdom of Pt* Jawaharlal Nehru who was $_{s}$o insistent about it. Let us be . adament about it let us con'inue with it. Otherwise, we will have nothing to feed ou$_{r}$ plan. What will M$_{r}$ Ramanand Ya'dav spend tomorrow for providing drinking water to th$_{e}$ poorer sec'ions adivasis and other people? Where from will this money come? It has become evident in this co-untrv that those who $_{ar}$e rich will make* hlaci money and send it outoide. Thcf

4.00 P.M. will not contribute to the economy. They will not pay taxes. So, if w$_{e}$ have to run this country on the contribution of the poor people only and the basis of the public sector undertakings only, then let Us think. seriously about their problems. Let the credibility of the Government be established. The moment the Government pays interest to their savings and to their contributions, the credibility of 'he Government woulj b$_{e}$ established Th$_{e}$ moment we cut down the wasteful expenditure and make our public sector undertakings healthy and prosperous, the credibility *QI* the Government will be established,

I have made a few suggestions, expressed certain apprehensions and hav$_{c}$ posed certain problems. I think you will consider them seriously s$_{0}$ that the challenges posed to ^{ou}r economy are diminished and we become prosperous and are able to invest more money to uplift. the poorer sections from poverty $_{a}$nd are able to solve the problems facing the economy.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : उपसभाध्यक्ष महोदय, 28 फरवरी को प्रधान मंत्री जी ने सन् 1987–88 का बजट पेश किया था तो उपभोग की 50 वस्तुओं पर छूट दी थी । लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि जिन उपभोग की वस्तुओं पर छूट दी गई थी उसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं पहुंच पा रहा है, बल्कि मिडिलमैन उस सब को खा ही नहीं रहा है बल्कि उनकी कीमतें भी निरन्तर बढ़ती जा रही है । मिसाल के तौर पर कोल्ड ड्रिन्क्स यानी ठंडे पेय की एक बोतल पर 20 पैसे कीमत बढ़ी थी, लेकिन कोल्ड ड्रिक्स निर्माताओं ने 50 पैसे प्रति बोतल कीमत बढ़ा दी है। इसी तरह से सिगरेट का सवाल है । मैं सिगरेट नहीं पीता हूं । सिगरेट के जिस पैकिट की कीमत 6 रु० 90 पैसे थी उसकी कीमत 10 रु० कर दी गई गई है । प्रति सप्ताह दालों की कीमतें बढ़ती जा रही हैं । सुपर बाजार में रिफाइन्ड आयल और वनस्पति तेल की कीमतें प्रति सप्ताह तेजी से बढ़ती जा रही है । तब से अब तक 28 1/2 प्रतिशत वनस्पति की कीमतों में वृद्धि हो चुकी

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

है । इसी प्रकार से बच्चों की जाम, जेली, और मंजन बिस्किट आदि जितनी भी चीजें हैं और जिन पर छूट दी गई थी उनकी कीमतों में 5 फीसदी से 15 फीसदी कीमतों में वृद्धि हो चुकी है । इसी प्रकार से सब्जियों और फलों की कीमतों में वृद्धि हो रही है । केला 12 रु० दर्जन मिल रहा है । आज हालत यह यह हो गई है कि उपभोक्ता की कमर टूट गई है । जिन चीजों की कीमतें घटनी चाहिए उनमें भी वृद्धि हो रही है । जाहिर है कि प्रशासन और सरकार चीजों की कीमतों को कंट्रोल करने में असफल रही है । बिक्री कर की कोई रसीद नहीं दी जाती है । सब अपनी जेब में डाल लेते हैं । इसके लिए कोई बिक्री कर देखने वाला नहीं है । इसका परिणाम यह होता है कि इन पर बिक्री कर अधिक ले लिया जाता है । कोई पूछने वाला नहीं है, कोई देखने वाला नहीं है । ये सारी बातें सरकार के लिए चुनौती है । जहां तक कृषि की बात है, कृषि की विकास दर दूसरी इंडस्ट्रियल विकास दरों से धीमी है । किसानों की अर्थ व्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ता है । जिन चीजों को किसान खरीदता है जो विनिर्मित चीजें हैं, मैन्युफैक्चर्ड कमोडिटीज है उसको ज्यादा कीमत अधिक देनी पड़ती है । इसलिये उसकी आर्थिक अवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि कृषि उत्पाद, कृषि आदान और विनिर्मित उत्पादन इन तीनों के मूल्यों में जब तक सरकार समानता नहीं लायेगी तब तक 70% आदमी, जो खेती पर लगे हुए है, जो गांव में रहते है उनकी आर्थिक अवस्था को आप सुधार नहीं सकेंगे । ग्रामीण अर्थ व्यवस्था पिछड़ रही है, गांव उजड़ रहे हैं, गांवों के लोग शहरों के तरफ रोजगार की तलाश में भाग रहे है, कृषकों का स्तर गिर रहा है और गैर-कृषकों की आय का स्तर बढ़ रहा है इसलिये इसकी तरफ आप का ध्यान आकर्षित करते हुए इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध करता हूं । मान्यवर, उपभोक्ता के साथ साथ में आपको यह बताना चाहता हूं कि थोक मूल्य सूचकांक है आज 378 है, विनिर्मित उत्पाद सूचकांक 358 है, कृषि का सूचकांक 332 है, उपभोक्ता मूल्यों का सूचकांक 560 है तो यह गांव के लोगों को कितना प्रभावित करता होगा इसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । मेरा इन बातों को कहने का इरादा नहीं था लेकिन यह कहना चाहता हूं कि सरकार यहां यह घोषणा करती है कि हम उत्पादन व्यय को ध्यान में रखकर किसानों को लाभप्रद कीमतें देते हैं । मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से केवल चार वर्षों के आंकड़े माननीय मंत्री जी के सामने रखना चाहता हूं । इनमें कुछ पुराने आंकड़े भी शामिल है । 1971–72, 72-73, और 73–74 में गेहूं की कीमत 76 रुपये प्रति क्विंटल तीन सालों तक लगातार रही । फिर 105 प्रति क्विंटल गेहूं की कीमत लगातार तीन साल 1974–75 75–76, 76–77 तक रही । इसी तरह धान की कीमत निरंतर तीन वर्षों 1974–75, 75–76, 76-77 तक 74 रुपये प्रति क्विंटल रही । गन्ने की कीमत भी जो स्टेच्यूटरी प्राइस फिक्स आप करते है वह 13 रुपये प्रति क्विंटल तीन सालों तक 1981–82, 82-83 और 83–84 में रही । क्या कास्ट आफ प्रडक्शन इन वर्षों में नहीं बढ़ा था ? क्या मंहगाई इस बीच नहीं बढ़ी थी, क्या मैनुफैक्चर्ड कमोडिटीज की कीमतें इस बीच नहीं बढ़ी थी, क्या इस बीच खेतों में काम आनेवाली चीजों के दाम नहीं बढ़े थे, किस वजह से आपने इसे रोके रखा ? इससे किसानों की आर्थिक अवस्था पर निश्चित रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । मान्यवर, :

श्री बी० क० गडवी: 1977 से 80 तक आपने क्या कहा ?

श्री वीरेन्द्र वर्मा : उसको आप बतायेंगे। मैंने लेटेस्ट फिगर्स मान्यवर, आपको बताई है । थोक मूल्यों का सूचकांक मैंने बताया 378, कृषि का बताया है 332, विनिर्मित उत्पादों का बताया 358 और उपभोक्ता सूचकांक आपको बताया 560 । मान्यवर, कालाधन बड़ी तेजी से इस देश में बढ़ता चला जा रहा है । जब तक इस देश में कालाधन रहेगा, एक समानान्तर अर्थ व्यवस्था इस देश में चलती रहेगी तो इस देश में न ब्लैक मार्केटिंग रुक सकती है, न रिश्वत रुक

सकती है और न कीमतें बढ़ने से रुक सकती है तथा न मंहगाई रुक सकती है। इसलिये देश में कालाधन है इस पर आप रोक लगायें। मान्यवर, हमारे देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि यह गरीब देश है और यह देश अपनी आर्थिक नीतियों को चलाने के लिये विदेशों से कर्ज लेता है। लेकिन हमारे देश में कुछ ऐसे व्यक्ति हैं जो अपना पैसा विदेशों में जमा करते हैं। इनसे बड़ा देश के लिये खतरा और कोई नहीं हो सकता। इसलिये जो लोग ऐसा करते हैं उनके ऊपर मुकदमें चलाये जाने चाहिए और ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। जो लोग बाहर अपना रुपया जमा करते हैं उनका वहां रुपया जब्त किया जाना चाहिए। आज फेयर फैक्स का जो मामला है यह इसी का परिणाम है। इसलिये मेरा निवेदन है कि जिन लोगों का रुपया विदेशों में है ऐसे एक एक आदमी का सारा रुपया जब्त किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया जाना चाहिए। और उनको देश का गद्दार समझा जाये। मान्यवर, सरकार विदेशों से आयात करती है, चाहे वह रक्षा के सौदों का करे, या चाहे बड़ी बड़ी मशीनरियों का करे, चाहे फर्टिलाइजर का करे, चाहे वह आयल का करे लेकिन हर किसी बीच पर बीच में से बिचौलियों को कमीशन एजेंट्स को निकाला जाये। किसी प्रकार का भी न हिंदुस्तान न विदेशी एजेंट होना चाहिए। यह गरीब देश कमीशन देने की स्थिति में नहीं है।

मान्यवर, एक मेरा भी सुझाव है। लोक लेखा समिति, एस्टीमेट कमेटी, पब्लिक अण्डरटेकिंग कमेटी आदि जो पार्लियामेंट की समितियां है, बहुत गहराई के साथ छानबीन करती हैं और अपनी रिपोर्ट देती हैं कि कहां कहां क्या क्या बुराइयां रहीं, इनकी और आडिट रिपोर्टस की तरफ सरकार का गहराई से ध्यान जाना चाहिए जिससे वे बुराइयां सुधर सकें और रिपोर्टस का फायदा उठा सकें।

मान्यवर, यह हमारे देश के लिए लज्जा की बात है कि पहले संसार में सबसे अधिक चीनी का उत्पादन करते थे नम्बर एक का देश थे, आज हम विदेशों से चीनी मांग रहे हैं। पिछले 2 साल से 33 लाख टन चीनी का आयात किया गया है। इस साल के लिए 8 लाख टन चीनी का आयात किये जाने के आदेश दे दिये गये है। कितनी बड़ी विदेशी मुद्रा विदेशों में भेजते है? यह हमारे लिए लज्जा की बात नहीं है क्या? आम आदमी कहते है कसम उठा लें, प्रतिज्ञा कर लें, व्रत ले लें कि विदेशों से उन चीजों को नहीं मंगाएंगे जो अपने देश में हम खुद पैदा कर सकते है हमें स्वावलम्बी बनना चाहिए लेकिन शर्म करनी चाहिए हमें कि विदेशों से ऐसी चीजें मंगाये। आपको नेशनल कमीशन आन सुगर बनाना चाहिये जो दूरगामी नीति बनाये, विदेशी मुद्रा कमाने की चेष्टा करे लेकिन यहां हम तेल विदेशों से मंगाते हैं। तबादले में हम चीनी दे सकते है, अनाज दे सकते है। अरब कंट्रीज, ईरान, ईराक और दूसरे देशों को हम अपना अनाज और चीनी भेजकर तबादले में उनका तेल ला सकें या और चीजें दे सकें तो ऐसा करना चाहिए।

आप के पास सेंट्रल स्टेट फार्म्स हैं। 14–15 फार्म्स हैं। 38 हजार हेक्टेयर के हैं। इसके इतना बड़ा हिस्सा अनकल्टीवेटेड है इससे कितना बड़ा नुकसान सरकार को प्रतिवर्ष हो रहा है आपको इसको भी देखना चाहिये। किसी बड़े नवाब की तरह नहीं रहना चाहिये या जैसे कोई बादशाह हो कहे कि हमारे बड़े बड़े फार्म्स हैं, इतने एकड़ है। लेकिन इनमें आमदनी क्या है, नुकसान क्या है, यह सरकार के लिये एक चुनौती है। इसकी तरफ आप ध्यान दें।

मिलावट की बात लें। आपको कोई वस्तु ऐसी नहीं मिल सकती है जिसमें मिलावट न हो। क्या खाने के पदार्थ हों, क्या दवाइयां हों, आदमी की हों, जानवरों की हों, क्या कीटनाशक दवाइयां हों सबमें कीमतें अधिक तथा मिलावट भी। उनका जो असर होना चाहिये, न आदमी पर होता है न पशुओं पर, न फसलों पर, उल्टी हानि होती है। लोग कहते हैं कि हार्ट अटैक होने लगे हैं। क्यों होने लगे हैं? इस वजह से कि कोई भी चीज खाने पीने की

-.

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

शुद्ध नहीं मिलते हैं। इसलिए हार्ट अटैक होते हैं । आदमी की औसत आयु बढ़ी है लेकिन उसकी तन्दरुस्ती गिरी है, क्यों ? क्योंकि खाद्य पदार्थ या कोई भी वस्तु शुद्ध नहीं प्राप्त होती है, सरकार का ध्यान मिलावट की तरफ तो है ही नहीं । सारे संसार में मिलावट को सबसे बुरा समझा जाता है लेकिन इस देश में मिलावट करने वाले दिल खोलकर मिलावट करते हैं । मिलावट करने वालों को कोई डर नहीं है, सरकार से भी नहीं डरते हैं, न जनता से डरते हैं और शासन भी जनता का है तो आपको इस तरफ ध्यान देना चाहिए . . .

(समय की घंटी)

मान्यवर, देश की सुरक्षा देखें । देश की सुरक्षा को पाकिस्तान ने एक चुनौती दी है, चाइना से भी चुनौती है, दोनों के पास एटामिक हथियार हैं । पिछले 40 साल हो गये हैं देश को आजाद हुये, निरन्तर हम देख रहे हैं पाकिस्तान को कि उसने स्थायी अपनी सीमा बना ली है सुरक्षा के लिये और हमारे यहां सीमा पर सुरक्षा की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है । पाकिस्तान के साथ, बंगला देश के साथ स्थायी सुरक्षा की व्यवस्था पर की जानी चाहिये और अगर उन्होंने एटम बम बनाया है, जिसकी कि घोषणा उन्होंने की है, इस देश को भी क्या करना चाहिये, यह आप सोचें, लेकिन देश की सुरक्षा के लिये हर तरीके से आप को तैयार रहना चाहिये ।

साम्प्रदायिकता के आधार पर देश का विभाजन हुआ, देश के दो टुकड़े हुये । साम्प्रदायिकता के आधार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का बलिदान हुआ । तीन करोड़ आदमी, हिन्दू, मुसलमान और सिख तबाह और बर्बाद हुये, लेकिन इतनी बड़ी तबाही और बरबादी से देश के लोगों ने कुछ सबक नहीं लिया है । आज भी साम्प्रदायिकता के आधार पर चारों तरफ झगड़े हो रहे हैं । मान्यवर, झगड़े होते रहेंगे जब तक कि आप धर्म से राजनीति को और राजनीति से धर्म को अलग नहीं करेंगे ।

प्रधान मंत्री की घोषणा भी है, रुकावट क्या है ? आपकी संविधान सभा में भी जो रेजोल्यूशन सन् 1948 ई० में पास हुआ था कि राजनीति और धर्म को अलग किया जाय, तो रोक किसने रखा है ? मुझे उम्मीद है कि राजनीति को धर्म से अलग करने की आप चेष्टा करेंगे और जल्दी से जल्दी आप एक शुद्ध वातावरण देश में सेक्युलरिज्म के आधार पर स्थापित करेंगे ।

आज देश में अराजकता ऐसी है कि कोई भी आदमी अपने जीवन की सुरक्षा महसूस नहीं करता । किसान गांव में अपने खेत पर नहीं सो सकता । रास्ते में आते-जाते लुटाई होती है, ट्रेन में और बसों में लुटाई होती है । पंजाब में तो इससे भी बहुत ज्यादा अराजकता व्याप्त है । शांति और व्यवस्था करने में आप असफल हैं । इसकी तरफ आपका ध्यान जाना चाहिए ।

अब भ्रष्टाचार तो आसमान को छू रहा है मुझे तो ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार के मामले में इस कान से सुना और उस कान से निकाल दिया, किसी को गुस्सा ही नहीं आता है । भ्रष्टाचार की वजह से शासन ढीला है और ढीले शासन की वजह से भ्रष्टाचार है । जब तक कि आप भ्रष्टाचार को नहीं रोकेंगे भ्रष्टाचार के कारण ही तो अभी यह कह रहे थे कि डी० डी० ए० के फ्लैट्स जो बने हैं, चार मंजिल तक पहुंच गये हैं, लेकिन उनकी नींव नहीं है । न उसमें सही मैटीरियल लगता है, न ठीक ईंट लगती है, न लोहा लगता है, न सीमेंट लगता है । सड़कों के निर्माण में भी, भवनों के निर्माण में भी, फ्लाई-ओवर के निर्माण में भी, चारों तरफ भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है, इसको आप रोकने की कोशिश करेंगे जिससे कि जनता का विश्वास डेमोक्रेसी में, प्रजातंत्र में, लोकतंत्र में बढ़े और हम संसार में जो भ्रष्टाचार के मामले में बदनाम हैं, हम यह साबित करें कि हम उसके खिलाफ हैं । (घंटी)

न्याय का मामला—हमारा देश बहुत गरीब है, 76 फीसदी आदमी गांवों

में रहते हैं । उसे न्याय प्राप्त करने के लिए शहरों में और बहुत दूर जाना पड़ता है । वह गरीब भी है और न्याय प्राप्त करने के लिए खर्चा भी करना पड़ता है । आज न्याय प्राप्त करना उसके लिए बहुत दुर्लभ है और बहुत मंहगा है और मुझे, नीचे के स्तर पर तो, यह कहते हुए दुख होता है कि आज न्याय बिकने भी लगा है ।

जसवंत सिंह आयोग भारत सरकार ने बिठाया था सितम्बर 1981 ई० में और अप्रैल 1985 में उसने रिपोर्ट दी । दो वर्ष बाद आपने उसका जरा सा कुछ जिक्र किया है कि हां, उसने यह रिपोर्ट दी है । पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ में, मध्य प्रदेश के सतपुड़ा में, जहां-कहीं जो जनता की सुविधा के लिए किन्हीं हाई कोर्ट के एडवोकेट्स के विरोध में नहीं बल्कि जनता के लिए जिनके मुकदमात होते हैं, उनके लिए आप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसे मध्य स्थान पर जहां जनता को आने जाने में सुविधा रहे, आगरा बीजो रिपोर्ट दी है, उत्तर प्रदेश के लिये वह बिलकुल एक कोने पर है, कहीं बीच में उसकी स्थापना पर सोचा जाए और जल्दी से जल्दी उसको बनाया जाए ।

आखिरी दो बातें कह कर मैं समाप्त करता हूं । सन् 1981 की जन-गणना हो चुकी है । उसके आधार पर लोक सभा और विधान सभा के क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण किया जाना चाहिए, जो शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के लिए सुरक्षित सीटें हैं, वह रिवाल्विंग होनी चाहिएं । हर पांच साल में वह घूमती रहें, जिससे कि हर जगह उनका प्रतिनिधित्व, हर क्षेत्र को मिल सके और जो जनरल पब्लिक है, उनका रेप्रेजेन्टेशन भी मिल जाए । चुनाव प्रणाली में सुधार करने की घोषणा, राष्ट्रपति जी ने अपने सम्बोधन में की थी । उसकी तरफ भी-मान्यवर, आप ध्यान दें ।

जहां तक बेरोजगारों की बात है । हिन्दुस्तान में जो गत् वर्ष गया है, उस गत् वर्ष में यानी 31 दिसम्बर, 1986 तक तीन करोड़ से ज्यादा आदमी बेकार और बेरोजगार थे, उनमें से रोजगार मिला केवल 3 लाख 51 हजार को । अब 3 करोड़ से अधिक बेरोजगार, और रोजगार मिला केवल 3 लाख 51 हजार को, कितनी बड़ी चुनौती है ? किस प्रकार आप बेकारी और बेरोजगारी को इस देश में रोक सकेंगे ? किस प्रकार इस देश के नवयुवकों को रोजगार दिला सकेंगे ? इस तरफ आपका ध्यान जाना चाहिए और केवल संगठित क्षेत्र जो है, उससे 1.6 परसेंट लोगों को रोजगार मिला है और जो असंगठित क्षेत्र है उससे रोजगार घटता ही चला जा रहा है ।

चरित्र निर्माण, हमारे देश में हमारी सरकार का चरित्र निर्माण की तरफ ध्यान जाना चाहिए । किसी भी देश के लोगों का अगर चरित्र का निर्माण नहीं होता, उनमें देश प्रेम नहीं पैदा होता तो वह देश कभी बढ़ता नहीं, वह काम नहीं बनती । इसके लिए उसकी तरफ ध्यान दें ।

आखिरी बात, मान्यवर, कार्य-दिवस, हमारे देश में संसार में सबसे अधिक छुट्टी होती है । हमारा देश दुनिया में सबसे ज्यादा गरीब और काम हम कम करते हैं, सबसे ज्यादा छुट्टी हमारे देश में होती है और स्कूलों कालेजों में उससे भी ज्यादा छुट्टी । आप देखिए आपका कितना कार्य-दिवस है, कितने वर्किंग डेज हैं ? 40 घण्टे प्रति सप्ताह काम होना चाहिए इसको भी बढ़ाने का सोचें । नकल हम करते हैं, फाईव-डेज वीक आपने कर दिया । जो प्रगतिशील देश हैं, उनकी नकल करने वाले हम तो उनसे बहुत पीछे हैं, बहुत गरीब हैं । हमें ज्यादा मेहनत करके ज्यादा प्रगति करनी चाहिए जिससे यह देश खुशहाल हो सके । इसलिए हमें छुट्टी भी घटानी चाहिएं, कार्य दिवस बढ़ाने चाहिएं । इन चंद सुझावों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

श्री मीर्जा इर्शादबेग (गुजरात) : मान्यवर उपसभाध्यक्ष महोदय, विनियोग विधेयक, 1987 के समर्थन में मैं चंद बातें सदन के सामने रखना चाहूंगा आपके माध्यम से । मेरे दाहिनी ओर के विपक्षी मित्रों की जब बात सुन रहा था तो मैंने यह महसूस किया कि सरकार चाहे जितने

[श्री मिर्जा इर्शादबेग]

भी कदम लें, सरकार चाहे पांच वर्षों में या आने वाले निरंतर वर्षों में कितनी भी प्रगति दिखाए, लेकिन अगर कुछ समाज में गलत होता है या देश में गलत होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी सरकार पर ही है और सरकार के मुखिया प्रधान मंत्री ही इसके जिम्मेदार हैं। ऐसा एक सुर हमेशा उस तरफ से मुझे सुनने को मिलता है। तो अपने इन मित्रों से मैं यह कहना चाहूंगा कि कम से कम सरकार में बैठने के पश्चात् सरकार ने अपनी जो कार्यवाही की है, उसमें कम से कम जो कितनी आर्थिक प्रगति है या किन-किन क्षेत्रों में उसने क्या-क्या वृद्धि की है, उसको भी मद्देनजर रखते हुए सरकार की कारगारी और सरकार की पूरी तस्वीर लें। ऐसी मैं आशा करूंगा हूं।

मान्यवर, पंचवर्षीय योजनाएं हमारे राष्ट्र के विकास की एक आधार स्तम्भ हैं और यह पंचवर्षीय योजनाओं में और खास तौर पर प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की धुरी जिस दिन से वहन की, उस दिन से लगाकर के आज तक हम अगर देखें, तो पंचवर्षीय योजना में जो अपने लक्ष्यांक थे, उन लक्ष्यांक की पंचवर्षीय योजना में जो निर्देशित लक्ष्यांक थे, उनकी पूर्ति राजीव गांधी जी की सरकार ने की है। उनकी जो प्रगति राजीव गांधी ने की है, उससे कोई इंकार नहीं कर सकता। मैं बताना चाहूंगा कि राजीव गांधी ने अपनी सरकार का भार वहन करने के पश्चात् जो काम किए हैं उनसे देश की वित्तीय परिस्थिति अधिक उत्साहजनक साबित हुई है, यह आंकड़ों से भी सिद्ध किया जा सकता है।

मान्यवर, मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या पिछले वर्ष में मुद्रास्फीति पर नियंत्रण नहीं रहा? क्या कुल राजस्व में पिछले वर्ष 22 प्रतिशत की वृद्धि नहीं हुई है? मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या अनाज का उत्पादन बाढ़ और सूखे के बावजूद पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 लाख मीट्रिक टन अधिक नहीं रहा? ? मैं यह भी पूछना चाहूंगा कि क्या निर्यात व्यापार में 17.3 प्रतिशत की प्रभावपूर्ण वृद्धि सरकार ने नहीं बनाई? ग्रास नेशनल इनकम की वृद्धि 4.5 प्रतिशत से बढ़कर 5 प्रतिशत की रेंज में क्या नहीं रही है? मैं उनसे यह भी पूछना चाहूंगा कि क्या आर्थिक वृद्धि दर 5 प्रतिशत नहीं रही? मैं उनसे यह कहना चाहूंगा कि ऐसी अनेक वृद्धियां हैं, जैसे औद्योगिक विकास दर 8.5 प्रतिशत रही, कोयला, अनाज, बिजली के क्षेत्रों में कुछ हमेशा आगे रही है। इसके बावजूद भी हम कहें कि सरकार अपने काम में असफल रही है तो यह कितने अंश तक सच है?

मान्यवर, यहां पर एक आदत सी पड़ गई है आलोचना करने की। मुझे याद आ रहा है वह संदर्भ, अगर मैं गलत नहीं हूं, तो गुरु द्रोणाचार्य ने दुर्योधन से जो शब्द कहे थे वह मैं आपके माध्यम से सदन के सामने लाना चाहूंगा। दुर्योधन ने जब गलत काम करना शुरू किया तो गुरू द्रोणाचार्य ने उनसे यह कहा कि ऐसा काम मत करो, ऐसा काम क्यों कर रहे हो जो गलत है, तो दुर्योधन ने ये शब्द कहे थे–

"जानामि धर्मम् नचमे प्रवृत्तिः
जानामि पापम् नचमे निवृत्तिः ।।

कि धर्म क्या है, यह मैं जानता हूं। लेकिन धर्म को प्रवृत्ति से मैं दूर रहता हूं। पाप क्या है उसकी मुझे जानकारी है, किन्तु पाप से मैं निवृत्ति नहीं लेता।

तो मान्यवर, यह बात मुझे दिखाई दे रही है कि ये लोग समझते तो हैं कि सरकार की क्या स्थिति है, सरकार किस ढंग से आगे चल रही है। विश्व फलक पर उठाकर देखें तो ये मानते हैं कि कुछ क्षति, कुछ त्रुटियां कुछ क्षेत्रों में रह गई हों तो इसकी पूरी जिम्मेदारी एक सरकार पर नहीं रखी जा सकती, सरकार के कुछ लोगों पर निहित नहीं है। आइए आप और हम सब मिलकर ऐसी कमजोरियों को जो देश को क्षीण करने जा रही हैं, उनको दूर करने की कोशिश करें। एक निगेटिव ऐप्रोच से देश के विकास को हम अवरुद्ध

करें, तो मैं समझता हूं कि देश को आगे ले जाने की बात पर हम कुठाराघात करेंगे ।

माथवर, जब ये बातें चली हैं तो क्योंकि यहां पर गढ़वी साहब बैठे हैं, मैं गुजरात की तरफ आपका ध्यान ले जाना चाहता हूं । सबसे पहले मैं प्रधान मंत्री राजीव गांधी को इस बात पर जितनी मुबारकबाद दूं उतनी कम है क्योंकि पिछले 40 सालों से जो योजना कार्यरूप नहीं ले रही थी जो कि विश्व में सबसे बड़ी योजना है वह नर्मदा योजना है, प्रधान मंत्री राजीव गांधी ने उसको मंजूर करके हिन्दुस्तान के लोगों के लिये एक सबसे बड़ी प्रगति का रास्ता खोल दिया है । इसके लिये जितना अभिनन्दन हम उनको दें, उतना कम है । मैं मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री मोतीलाल वोहरा और गुजरात के मुख्य मंत्री श्री अमरसिंह तथा राजस्थान के मुख्य मंत्री तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को तथा अनेक सांसदों के साथ साथ उनके प्रतिनिधियों को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस कार्य को मंजूर करने में सहयोग दिया । उनको अभिनन्दन देता हूं कि विश्व की एक सबसे बड़ी परियोजना को मंजूरी दी है । मैं यह कहना चाहूंगा कि यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी तो है ही और इसका जो कंकरीट का बांध बनेग वह बांध, आज यह माना जाता है कि अमेरिका का ग्रांड कुली बांध सबसे बड़ा बांध है—उसके बाद विश्व का कोई बांध होगा तो यह यही नर्मदा प्रोजेक्ट पर जो बांध होगा वही होगा । उसकी जो नहरे होंगी वे विश्व की सबसे बड़ी नहरे होंगी । जो नहरतंत्र है वह 40 हजार किलोमीटर की लम्बाई का होगा । इतनी बड़ी योजना से लाभांवित होने वाले लोग, इतनी बड़ी योजना से लाभान्वित होने वाली धरती और इतनी बड़ी योजना से लाभान्वित होने वाले भारत का उत्पादन कोई कम नहीं है । मैं इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि मेरे साथी जोगी जी कह रहे थे कि मध्य प्रदेश में इस योजना से कुछ जमीनें आदिवासियों की चली गई, दूसरे पिछड़े लोगों की चली गई । इससे उनको नुकसान हुआ है । मैं यह ध्यान दिलाना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री ने जब इस योजना को अनुमति दी थी तब इन सब बातों का ख्याल रखा गया था । मैं अपने साथी जोगी जी से कहना चाहूंगा कि जिनकी जमीनें ली गई हैं, जिनकी जमीनें पानी के अन्दर डूब गयी हैं उनके बारे में एक करार हुआ है । अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संस्था का जो करार है उसकी धारा 107 के मुताबिक आयोजन हुआ है । इसके अन्तर्गत उनकी अच्छी जमीन, अच्छे पुनर्वास की व्यवस्था होगी । लेकिन नूतन वनरोपण तथा खाद विस्तार के रक्षण की योजना को सरकार ने भली-भांति स्वीकृति दी है । गुजरात के बारे कहना चाहूंगा कि गुजरात में बिजली की कमी है । दो हजार किलोमीटर दूर से कोयला वहन करके हमारे थरमल पावर स्टेशनों के लिये लाया जाता है । इससे ऊर्जा गुजरात में सबसे मंहगी पड़ती है । तब जाकर मैं यह मांग करूंगा, लोगों ने भी यह मांग की है सरकार से कि पांच मेगावाट तक के जो छोटे मोबाइल गैस आधारित पावर जैनरेटर्स हैं उन सेटों को आयात करने के लिये जो मांग है मैं आशा करता हूं खासतौर से वित्त मंत्रालय से कि ऐसे जेनरेटरों को आयात करने के लिये अनुमति देगा ।

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुई]

गुजरात में प्राकृतिक गैस के भाव सब से अधिक हैं और गुजरात में जबकि तेल भंडार है, वहां पर गांधार में विपुल मात्रा में तेल और गैस की अत्याधिक मात्रा है तब गुजरात में इसके जो भाव हैं वे बहुत महंगे पड़ते हैं । इसलिये मांग करता हूं भाव निर्धारण के लिये एक हाई पावर कमीशन बैठाया जाय । मैं इसके संदर्भ में यह भी कहना चाहूंगा कि गुजरात को वार्षिक 28सौ मेगावाट पावर की जगह आज सिर्फ 22सौ मेगावाट मिलती है यह कमी पूरी करने के लिये मैं मांग करता हूं कि गांधार और साउथ बेसिन जो दो पावर स्टेशन हैं पांच सौ मेगावाट के गांधार के नजदीक तथा सौराष्ट्र में पीपावाव, इन को देनी चाहिये । गढ़वी जी उसी इलाके से आते हैं वह इस मांग को पूरा करने की दिशा में समर्थन देंगे ।

[श्री मिर्जा इर्शादबेग]

मैं यह भी मांग करता हूं कि हमारी एक योजना है जो प्लानिंग कमीशन के सामने पड़ी हुई है हमारी वह राष्ट्रीय योजना कोलस्लरी पाइप लाइन की जो है इसको प्लानिंग कमीशन ने अनुमति नहीं दी है । मैं मांग करता हूं कि इस योजना को बहुत जल्दी तरीके से स्वीकृति देनी चाहिये । मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि गुजरात का जो समुद्री इलाका है उसका जो कोस्टल बैल्ट है, राष्ट्र का जितना भी टोटल समुद्री इलाका है उसका एक-तिहाई हिस्सा गुजरात में पड़ता है । उस पर 11 पोर्ट्स हैं । वहां से आयात-निर्यात अधिक मात्रा में होता है । दुख की बात यह है कि पिछली योजना में उसके लिये सिर्फ थोड़ा सा पैसा यानी 26 करोड़ रुपये ही खर्च किया । जब कि हजीरा का जो बन्दरगाह है उसके विकास के लिये और उसको आधुनिक बनाने के लिये मैं आपसे मांग करता हूं और प्लानिंग कमीशन से मैं दर्खास्त करना चाहूंगा कि प्लानिंग कमीशन इस बात की जरूरतों को समझते हुये इसके लिये और अधिक पैसा देकर उसे और अधिक मात्रा में डेवलप करे । मान्यवर, चूंकि प्लानिंग कमीशन की बात चल रही है, मैं यह कहना चाहता हूं कि सदन में जब भी हम पुरानी प्रोजेक्ट्स को, रेलों की पुरानी प्रोजेक्ट्स को संपूर्ण करने की बात करते हैं तो रेल मंत्री जी ने हमें एक कागज भेजा है । मैं अपने क्षेत्र की रेल की जो प्रोजेक्ट है उसके बारे में बात करना चाहता हूं । नडियाद कपड़वंज–मोडासा, रेलवे लाइन पहले मंजूर कर ली गई थी, लेकिन अब उसका काम धीमा कर दिया गया है । उसकी लागत में मैं समझता हूं कि 50 गुना उसकी ओरिजिनल कास्ट से वृद्धि हो गई है । हमने रेल मंत्री जी से मांग की थी कि यह छोटी-सी लाइन है, इसको आप जल्दी मंजूरी दीजिये । उन्होंने इस बारे में हमें पक पत्र भेजा है । पत्र में यह कहा है कि प्लानिंग कमीशन के पास जो मांग की गई थी उसमें नई रेलवे लाइनों के लिये 17 सौ करोड़ रुपये मांगे गये थे । लेकिन उसने साढ़े तीन करोड़ रुपये एलाट किय और कंवर्जन ल इनों के लिए सात सौ करोड़ रुपये मांगे गये थे, उसके सामने प्लानिंग कमीशन ने डेढ़ सौ करोड़ रुपये दिये । एक तरफ तो हम मेट्रो लाइन ले रहे हैं, दूसरी तरफ जो छोटी-छोटी लाइन हैं जिनकी वजह से पिछड़े क्षेत्रों की दूरी दूर हो सकती है उनको मंजूरी नहीं हो पाती है । इस लिए मैं चाहता हूं कि आप प्लानिंग कमीशन से कहें कि जो आन गोइंग प्रोजेक्ट्स हैं उनको संपूर्ण करने के लिये पूरी राशि आवंटित करें ।

मान्यवर, मैं दो बातें और कहना चाहता हूं । हमारे सीनियर मेम्बर बेरोजगारी के आंकड़े दे रहे थे । यह बताया गया है कि तीन लाख और साढ़े तीन लाख बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार दिया गया है । हमारे प्रधान मंत्री जी ने इसका आयोजन किया है और यह कहा है कि शिक्षित बेरोजगार युवकों को वित्तीय सहायता दी जाय । बैंकों की सहायता से स्व-रोजगार के कार्यक्रम चलाये गये हैं । मैं आपके माध्यम से इस बात को कहना चाहूंगा कि जब हमने इस बारे में पूछा कि स्व-रोजगार कार्यक्रम के टारगेट्स लक्ष्य कितने दिये गए और उनकी कितनी पूर्ति हुई है तो हमें बड़े खेद के साथ यह कहना पड़ता है कि ज्यादातर लक्ष्यों की पूर्ति नहीं की गई है । हमें बताया गया कि जो उद्योग सेंटर्स हैं उनमें जो एप्लीकेशन्स मंजूर की गई है उनकी संख्या में, उनकी मात्रा में आप देखेंगे कि ज्यादातर रिजेक्शन किया गया है । इसके साथ जो जवाब दिया गया है वह असंतोषजनक जवाब है । मैं आपके माध्यम से उसको सदन के सामने रखना चाहता हूं । हमने जो प्रश्न किया था उसके जवाब में कहा गया कि भारत सरकार ने जिला उद्योग केन्द्रों के कुछ बलों की नियमित बठकें बुलाने तथा जिलों के लिए निर्धारित लक्ष्य से 10 प्रतिशत से अधिक की व्यवस्था करने के लिए कहा है । एक तरफ तो मांगें इतनी बढ़ती जा रही हैं दूसरी तरफ आपने यह प्रतिबन्ध लगा दिया है, । इसलिए मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि आप इन लोगों को इतना क्यों दौड़ाते हैं । उनको जिला स्तर तक जाकर फार्म भरना पड़ता है और इतने पैसे खर्च करने पड़ते हैं । अगर आप कोई ऐसी मात्रा यानी 10 प्रतिशत की मात्रा रखना चाहते हैं तो केवल उन्हें ही आप एप्लीकेशन्स भरने के लिए कहें

जो इस मात्रा में आते हैं। सबसे अधिक गम्भीर बात यह है कि जब हमने पूछा कि जो बैंक लक्ष्य पूर्ति नहीं कर सकते हैं और उनके सामने पर्याप्त मात्रा में एप्लीकेशन्स हैं तो उन बैंकों के अधिकारियों ने लक्ष्य पूर्ति के लिए क्या कदम उठाये हैं तो बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि हमें जो जवाब दिया गया वह मैं अभी आपके सामने रखना चाहता हूं । हमने पूछा था कि क्या सरकार ने उन बैंकों के कार्यकरण की जांच की बात पर विचार किया है जिन्होंने अपने लक्ष्य की पूर्ति नहीं की है ताकि दोषी लोगों को दण्ड दिया जा सके ? इस के जवाब में यह कहा गया है कि बैंकों से जिला उद्योग केन्द्र के कुछ बलों द्वारा प्रायोजित आर्थिक-रक्षण के लिये ऋण देने की अपेक्षा की जाती है । अतः लक्ष्य प्राप्त न करना बैंक अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिये ठोस आधार नहीं माना जा सकता है ।

मान्यवर, मैं पूछना चाहता हूं कि अगर एक कार्यक्रम लेकर सरकार कुछ नीति एवं नियमों को लेकर आगे बढ़ती है, जनता जिन लोगों को आशा और अपेक्षा के साथ भेजती है, चुनकर भेजती है और वे ऐसा कार्यक्रम बनाते हैं तो न उन नीति एवं नियमों के कार्यान्वयन में बीच में बैठे जो अफसर हैं एवं ऐसे जो लोग हैं वे सही मात्रा में उसका कार्यान्वयन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद आप सदन के सामने ऐसा जवाब देते हैं कि ऐसे लोगों के खिलाफ हम कोई कदम नहीं ले सकते हैं । महोदय, मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूं कि सरकार जब किसी कार्यक्रम को, जब किसी लक्ष्य को तय करती है, उसका वह पोलिटिकल कमिटमेंट है और वह कमिटमेंट अगर सिद्ध नहीं होता है तो ऐसे लोग जो बीच में बैठे हैं, उनका जो मानसिक रुझान है, उसकी वजह से अगर लोगों को उसका सीधा लाभ नहीं पहुंचता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए । मैं आशा करता हूं कि आने वाले दिनों में सरकार के जो कार्यक्रम हैं, उनका जो लाभ है, वह एक झोंपड़ी में बैठे हुए इंसान तक पहुंचेगा । हमारे कार्यक्रम ऐसे होने चाहिए, हमारी योजना और आयोजन ऐसे होने चाहिए जिनकी वजह से हमारे ये कार्यक्रम घर घर तक पहुंच सके । मैं आशा करता हूं कि मैंने जो सुझाव रखे हैं वे आपके माध्यम से लोगों तक पहुंचे और जिस मात्रा में प्रधानमंत्री जी इन कार्यक्रमों के माध्यम से छोटे से छोटे इंसानों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं वह उस रूप में उन तक पहुंचे ताकि छोटे से छोटे इंसानों को भी इसका लाभ मिल सके । महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिये मैं आपका आभारी हूं ।

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir); Madam Deputy Chairman, 1 rise to support me Appropriation (No. 3) Bill, authorising the Government to take a sum of Rs. 233762, 77,00,000 towards defraying the several charges which will come in cours; of payment during the financial year 1987-88 in respect of services specified in the Schedule.

While 1 *do* so. 1 do so only on one condition. Th> Prime Minister has Riven a pledge to the nation and that pledge is that the deficit as envisagvx! in the Budget at Rs. 5688 crore~ will,, under ro circumstances, be exceeded. Here before me is the Minister of Expenditure in the Ministry oj Finance. I would request him that in fulfilling this pledge that the hon. Prime Minister has giveri to the nation, he has to do a lot and ne nas . not only to monitor that the expenses do not exceed, that the definite does not exceed the target fixed, but he should turn down any proposal which comes to him for any further appropriation, even if it comes from the Prime Minister himself, if it is not matched by a supplementary demand for taxation also. Only then, and then alone. Madam Deputy Chairman, win we be able io do this, so that this Appropriation that we will pass today, will be the only Appropriation which will be the final one which will need an adjustment. At best, this .is a conjecture but that will be for purposes

[Shri Ghulam Rasool Matto]

of adjustment only, and no further adjustment will be there. Why I say is simply for this reason that I have studied the whole economic scene of the country and what little I know about it is that our country just cannot afford a deficit financing of over six thousand, crores that we have envisaged in the Budget. So, even if the Prime Minister ccmes with a proposal for any of. his Ministries, or the Cabinet Secretariat comes, the Minister should turn it down and tell Ihem that we must have a matching supplementary demand for taxation. That is my request. *(Interruptions).*

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): If any department comes up with a supplementary demand, there should be a corresponding cut in respect of that department.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: The question of cut does not arise because, after all, what we are envisaging in this Bill for expenditure is based on certain calculations. These calculations can at best *b** on the wrong side. They may increase but not decrease. My point is that he should sanction only the expenditure. ..

SHRI B. K. GADHVI; I very well understand your point.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO; Thank you very much.

PROF: C. LAKSHMANNA. Then, you do not have any further case.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO; I now come to the appropriations made here. In this connection, I would like to slate here that the other day, there was a mention about the public sector invest* ments in the country. It was said that it was lop-sided; the investment was more in some States and 'es's in some other States. There was an insinuation that the Prime Minister was giving largesse and announcing it in respect of certain States. I would like to tell our friends here as well as the Government that in respect of the State of Jammu and Kashmir, in reply to a question put by me, it was said that out of the total public sector investment of the order of RA 4S 000 crores in the country, the share of Jammu and Kashmir is Rs. 41 crores. I do not understand this. Unless this" imbalance is rectified, how can the country go ahead and how caa the people of Jammu and Kashmir stand along with the other States?

PROF. C. LAKSHMANNA; Mr, Matto, you are not making any insinuation?

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: I am not making any insinuation. I would like to point out that it was your party which said the other day that the Prime Minister is giving largesse. I am just trying to tell you that jf the Prune Minister, in his honest opinion and honest appraisal of th; situation in a particular State feels that State needs more assistance than what has already been given to it in terms of investment in the public factor or other things, and, incidentally, he makes an announcement, *t* why should you grudge it?

PROF. C. LAKSHMANNA; I hope you are not hinting that you are Going to get some largesse.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO; We may or may" not gel it. But what We really want-" is that the Government should rectify this imbalance.

Madam Deputy Chairman, ihe second point which I would l'ke to bring *to* the notice of the Government is that it is , not only the investment that should be taken info consideration while these new projects are undertaken, but the timeframe. the time-limit, is also very important. For example, the Government have accepted the Urihydom-electric project in J & K. This project was sanctioned by the Government of India on the understanding that global tenders will be floated for aid, for financing this project. Through the hon. Minister, *I* would "ke to convey to the Ministry of Energy that for the last nine months, no decision has beea taken on the tenders received from two or three foreign oemn-tries. What happens? For the last almost one year, the tenders are being studied

but no final decision has beeₙ taken. I understand, there is a clause which provideₛ for automatic escalation of 10 per cent in the' cost. I woud request through you, Madam, that the Ministry ₀f Energy should take a decision immediately in connection with the finalisation of the tenders from wherever they have been received, whether it is West Germany or some" other country. It iₛ feared that if a decisioₙ is not l;>keₙ before the end of July, the project will be delayed by i one full year. Therefore, I would request thai the Ministry of Knergy should finalise tins immediately and allot it to whomsoever they consider fit and appropriate because all of them have agreed that *if* the tender is agreed to before the *end* of July they wiji be able to give energy within 60 months. If we do not do it now, there will be a delay of 12 months and the escalation provision will also come into operation. So, this ni to be (akeₙ int₀ consideration. "

With regard to currency, coinage and stamps, there is a lot of allocation but still there is a shortage of rupee one notes and coins, particularly in the .States like Jamnm t'.nd Kashmir. Even in Dolhi therₑ is a shortage of one rupee coins and notes. The matador van man cannot give us one rupee note. Only two rupee notes are available. The situation in outlying States, like Jammu and Kashmir, is till precarious. So. the • problem of small coins should be looked into.

Similarly, n*w currency notes need to bₑ issued at proper time. Previously, there used to Be a time-limit under which the currency would be in use. But now there seems to be no such limit, with the result that soiled notes are in usage which should actually be rejected.

Iₙ connection, with exports, the Department of Commerce has been given a very big amount of Rs. 1240 crores. Oₙ exports hinges the destiny of our own repayments and imports. Tn this connection I would like to mention the situation (hat is prevailing in other countries. Yous must have read in papers that these days a economic war i.<> going on betweeₒ America and Japan, Only three days back I was listening to the economic conmmentary on BBC. I ant talking of the pos.tion prevailing in Japan iₙ the year 1986-87. Then Japan had a surplus of 90,000 billion dollars. You can, in! the condition when a country like Japan has *u* surplus trade of 90,000 bit-lion dollars. What is more extraordinary that I have heard from them is that this is 50 per cent more thaʙ the last year. Last year the surplus was only 60 000 billion dollars. And this year it is 90,000 billion dollars. So, whenₙ a country like Japan, which was devastated in war has done such a tremendous progress, we should also try and do something in the field of exports.

